CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, रविवार, 06 अप्रैल 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 77 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.


खतरों के खिलाड़ी में धनश्री वर्मा?...

पेज -09





## सीएम भजनलाल शर्मा की रामनवमी पर शुभकामनाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उनका जीवन त्याग,सेवा, वचनबद्धता और कर्त्तव्यनिष्ठा का ऐसा अनुपम उदाहरण है,जो सम्पूर्ण जनमानस के लिएप्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करते हुए देश एवं समाज की उन्नति में अपना योगदान देने का संकल्प लें।

## न्यूज ब्रीफ

### पापुआ न्यू गिनी में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया

**पापुआ न्यू गिनी।** म्यांमार में भूकंप ने तबाही मचा दी है। वहीं अब पापुआ न्यू गिनी में शनिवार को तेज भूकंप आया। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि पापुआ न्यू गिनी में न्यू ब्रिटेन क्षेत्र के तट पर 7.1 तीव्रता का भूकंप आया।

### मणिपुर में शांति बहाली की कोशिश में जुटा केंद्र

**नई दिल्ली।** मणिपुर में शांति की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ केंद्र सरकार ने बैठक की है। बैठक का उद्देश्य दोनों समुदायों के बीच चल रहे संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजना है।

# अभिनेता और डायरेक्टर मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन



## बेटे कुणाल ने दी मुखाग्नि, राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

## प्रेम चोपड़ा, अमिताभ समेत कई कलाकार शामिल हुए

**मुम्बई।** एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का शनिवार को राजकीय सम्मान के से अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया था। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। बेटे कुणाल गोस्वामी ने उनको मुखाग्नि दी। मनोज कुमार के अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए। बता दें कि शुक्रवार को 87 साल की उम्र में मनोज कुमार का निधन हो गया था। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। देशभक्ति की फिल्में बनाने के कारण उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है। मनोज कुमार काफी समय से लीवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर..

# पीएम मोदी ने श्रीलंका से मछुआरों की रिहाई की मांग की

## तमिलों को पूरा अधिकार देने को कहा, विदेशियों को मिलने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड मिला





**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के तीन दिन के दौरे पर हैं। यहां पीएम मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस दौरान मोदी ने भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि यह मछुआरों की आजीविका का मुद्दा है। हमने मछुआरों को तुरंत रिहा करने और उनकी नावों को छोड़ने पर बात की है। हम सहमत हैं कि हमें इस मामले में इंसानियत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। तमिल मुद्दे पर मोदी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की उम्मीदों को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के तहत मिले पूरे अधिकारों को लागू करेगी।

### पीएम मोदी को मिला मित्र विभूषण अवॉर्ड

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र विभूषण अवॉर्ड दिया। मित्र भूषण अवॉर्ड श्रीलंका का गैर-नागरिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था और उनके पहला विदेशी मेहमान बनने का सौभाग्य मुझे मिला। यह हमारे विदेशी संबंधों की गहराई का प्रतीक है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# हिन्दु समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं: भागवत

## बीएचयू के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया, पूछा- बताइये संघ क्या है



**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को वाराणसी में कहा, श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। इसी लक्ष्य के साथ संघ काम कर रहा है।

हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। यही संघ की परिकल्पना है। संघ का मतलब सबकी मदद करना और युवा शक्ति को सही दिशा देना है। मोहन भागवत ने बीएचयू के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया। उनसे पूछा बताइये संघ क्या है?

शनिवार सुबह वे काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से 15 मिनट मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दर्शन-पूजन और अभिषेक किया। भागवत ने छात्रों से पूछा, बताइए

**संघ क्या है:** संघ प्रमुख बीएचयू के जिमखाना मैदान में 70 मिनट तक रहे। उन्होंने आईआईटी के 100 से ज्यादा छात्रों का योग, खेल और वैदिक मंत्रों का उच्चारण देखा। छात्र उन्हें देख कर जय बजरंगी, भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उद्घोष करते दिखे। भागवत ने छात्रों से पूछा क्या आप संघ को समझते हैं, बताइए संघ क्या है? इस पर छात्रों ने कहा- संघ का मतलब हिंदुत्व को बढ़वा देना। सनातन की रक्षा करना। धर्म कोई भी हो, सबकी मदद करना और युवा शक्ति को सही दिशा दिखाना, यही संघ है। संघ संगठन का उद्देश्य हिंदू धर्म को मजबूत करने का है। हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है। भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यता के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना है। हिंदू समुदाय को मजबूत करने के साथ ही हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है।

# रामनवमी पर उत्तरप्रदेश में हाई अलर्ट रहेगा

## संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से होगी निगरानी

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा

**लखनऊ।** रामनवमी के अवसर पर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर सभी जिलों में अलर्ट किया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने यातायात प्रबंधों को लेकर भी विस्तृत निर्देश दिए हैं। अयोध्या में अत्यधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के साथ ही भीड़ प्रबंधन व



पार्किंग व्यवस्था को लेकर पूरी मुस्तैदी बरते जाने का निर्देश हैं। अयोध्या के अलावा अन्य जिलों में प्रसिद्ध देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मुख्य द्वार पर प्रवेश नियंत्रण व एंटीसेबोटाज चेकिंग की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया गया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी भी की जाएगी।

### मंदिरों में मुस्तैद रहेगी पुलिस

मंदिरों में पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी मुस्तैद रहेंगी। डीजीपी ने कहा है कि जुलूस व शोभा यात्रा के साथ बॉक्स फार्मेट में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। डीजीपी ने कहा है कि बीते वर्षों में हुए विवादों को देखते हुए संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

### संवेदनशील इलाकों का अधिकारी करें भ्रमण- डीजीपी

वरिष्ठ अधिकारी भ्रमणशील रहें और महत्वपूर्ण मंदिरों, मेला स्थलों, जुलूस व शोभा यात्रा के मार्गों का खुद भ्रमण करें। यूपी 112 के साथ समन्वय बनाकर संवेदनशील स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में गश्त व पेट्रोलिंग कराने का निर्देश भी दिया। नदी व जलाशयों में श्रद्धालुओं के स्नान के दृष्टिगत घाटों पर समुचित पुलिस प्रबंध, नाव व गोताखोरों की व्यवस्था भी की जाए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चिकित्सा विभाग की टीम भी मुस्तैद रहे। डीजीपी ने शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखे जाने के साथ ही इंटरनेट मीडिया की निरंतर निगरानी का निर्देश भी दिया। कहा कि किसी भी भ्रामक पोस्ट का तत्काल खंडन किया जाए और ऐसा करने वाले के विरुद्ध विधिक कार्रवाई तय की जाए।

## टेक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी-2025

# सीएम भजनलाल शर्मा बोले, प्रदेश में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के नये दौर की शुरूआत

### बदलते वैश्विक परिदृश्य में वस्त्र निर्यातकों के लिए गेम चेंजर साबित होगी नई नीति

### -10 वर्षों तक एसेट क्रिएशन इंसेंटिव, स्टांप व विद्युत ड्यूटी में सौ फीसदी रियायत

### ग्रीन सॉल्यूशन इंसेंटिव, निर्यात इकाइयों को फ्रेंट चार्ज का पुनर्भरण

## सूती से समृद्धि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य से होने वाले कुल निर्यात की शीर्ष पांच वस्तुओं में शामिल वस्त्र उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। प्रदेश में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है। यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नये केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजस्थान के वस्त्र निर्यातकों के



लिए यह नीति गेम चेंजर भी साबित होने जा रही है।

राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 में निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पहली बार गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी शामिल किया गया है।

साथ ही इस नीति में प्राकृतिक एवं कृत्रिम फाइबर के उत्पादन को बढ़ाने से लेकर तकनीकी टेक्सटाइल्स और वस्त्र विनिर्माण, हैण्डलूम, ऊन प्रसंस्करण, चमड़े के उत्पाद, फुटवियर जैसे संबंधित क्षेत्रों को भी समाहित किया गया है।

इस नीति में टेक्सटाइल उद्यमियों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता, कुशल कार्यबल, पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान व लॉजिस्टिक्स सहित आधारभूत सुविधाओं के विकास और निर्यात प्रोत्साहन के लिए पर्याप्त और आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं।

नई राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी के तहत जहां एक ओर वस्त्र व परिधान क्षेत्र के उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए 10 वर्षों तक 80 करोड़ रूपये वार्षिक तक का एसेट क्रिएशन इंसेंटिव, भूमि/भवन क्रय या लीज पर स्टांप ड्यूटी व पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, बिजली उपभोग पर 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी छूट प्रदान की जाएगी। वहीं पर्यावरणीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस नीति में ग्रीन सॉल्यूशन इंसेंटिव के तहत 12.5 करोड़ रूपये तक 50 प्रतिशत, अक्षय ऊर्जा संयंत्रों के लिए बैंकिंग, व्हीलिंग व ट्रांसमिशन शुल्क का 100 प्रतिशत, पेटेंट/कॉपीराइट लागत का 50 प्रतिशत एवं भूमि रूपांतरण शुल्क का 100 प्रतिशत पुनर्भरण के प्रावधान किए गए हैं।

इसी तरहनिर्यात इकाइयों को फ्रेंट चार्ज पर 25 प्रतिशत तथा कार्मिक प्रशिक्षण लागत का 50 प्रतिशत पुनर्भरण का प्रावधान किया गया है। हाल ही में अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य बदलावों से गुजर रहा है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## आरिफ मोहम्मद बोले...

# वक्फ संपत्ति पर गैर मुस्लिमों का भी हक



**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लोकसभा और राज्यसभा से पास हुए वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की मानी जाती हैं। इसका इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। गैर मुस्लिमों का भी वक्फ की संपत्तियों में बराबर का हक है। राज्यपाल ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है।

प्रोटेस्ट करने का अधिकार है। हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब मैं यूपी में मंत्री था तब वक्फ विभाग मेरे पास ही था। हर समय मुझे ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके संपत्ति के मामले चल रहे थे। गवर्नर ने कहा कि इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। गवर्नर पटना में पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की 118 वीं जयंती पर राजकीय समारोह में पहुंचे थे।

### 'फकीर और मिस्कीन दोनों के लिए है वक्फ का हक'

राज्यपाल ने कुरान की आयत का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें दो प्रकार के जरूरतमंदों फकीर (मुस्लिम) और मिस्कीन (गैर मुस्लिम) का जिगि किया है। इसका अर्थ है कि वक्फ से लाभान्वित होने का अधिकार हर जरूरतमंद को है। धर्म के आधार पर नहीं। पटना में वक्फ की बहुत प्रॉपर्टी है, लेकिन आप मुझे बताइए कोई एक संस्था है जो गरीब के लिए काम कर रही है। सिर्फ आपस में मुकदमे बाजी हो रही है। वैधता पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ की अवधारणा को मुस्लिम देशों में भी कभी गैर-इस्लामी माना गया, लेकिन 1913 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पेश एक्ट ने इसे वैधता दी। आप बताइए, इसकी दिशा क्या होनी चाहिए।

CMYK

## डीआरएम अनुराग त्रिपाठी का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार को पश्चिम रेलवे जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के आगमन पर खाद्य व्यापार संघ की ओर से स्वागत किया गया। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने भीनमाल स्टेशन पर बंद पड़े शौचालय को शुरू करवाने की मांग की। खाद्य व्यापार संघ अध्यक्ष पारस मोदी ने रेलवे स्टेशन पर बने शेड को बड़ा करवाने, अहमदाबाद से दिल्ली वाया भीनमाल व जयपुर तक सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन करवाने और रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय में लैंडलाइन नंबर शुरू करवाने की मांग की। जिसका डीआरएम द्वारा सकारात्मक प्रयासों के साथ मांगों पर अमल करने का आश्वासन दिया। भीनमाल कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष श्याम खेतावत, सरदाराराम सांखला, भगवानदास राठी, देवेन्द्र भंडारी, भाजपा नेता भरतसिंह भोजाणी, ओमप्रकाश खेतावत, माणकमल भंडारी, सुरेश मीडिया, घनश्याम व्यास, दिनेश दवे व दिग्विजयसिंह दहिया आदि मौजूद थे।

# ऐतिहासिक नाले पर अवैध निर्माण, एनओसी नहीं फिर भी खड़े किए पिलर

## सभापति बोले सहन नहीं किया जाएगा, इओ से मांगी रिपोर्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर के सौ साल पुराने नाले के बहाव क्षेत्र में दिनदहाड़े लोहे के सरियों से पिलर खड़े कर दीवार पर अतिक्रमण कर नाले के बहाव के क्षेत्र के रोकने का मामला सामने आया है। यह बात नगर परिषद के अधिकारियो की जानकारी में होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते बिना नगर परिषद की एनओसी के निर्माण कार्य किया जा रहा है। दूसरी ओर बड़सम पुलिए के बहाव क्षेत्र में होने वाले निर्माण व अवैध कब्जे को लेकर लोगों ने विरोध कर इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने बताया कि जब नाला ही गायब होगा तो बारिश के समय में शहर की आबादी पानी में डूब जाएगी।



### इओ बोले एनओसी नहीं दी, मामला सामान्य

नगर परिषद के इओ ने कहा कि नगर परिषद की ओर से किसी को एनओसी नहीं दी गई है, ऐसे में नाल परिधी में हो रहे पक्के निर्माण को रोकने के लिए न तो परिषद ने कार्रवाई की और ना ही किसी को नोटिस दिया गया। आमजन का कहना है कि नाला परिधि में हो रहे निर्माण को रोककर संबंधित दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### यह बड़ा मामला नहीं है

बड़सम पुलिए पर नाले की परिधी में जो काम हो रहा है वह खातेदारी भूमि में हो रहा है। किसी को कोई एनओसी नहीं दी गई। हालांकि यह मुद्दा सामान्य है।

**त्रिकमदान चारण,**
**अधिशाषी अधिकारी नगर परिषद सांचौर**

### मामला शहर की सुरक्षा से जुड़ा

यह मामला सीधे शहर की सुरक्षा और जल निकासी व्यवस्था से जुड़ा है। नाले पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। इओ से तत्काल रिपोर्ट तलब की है।

**नरेश सेठ, सभापति नगर परिषद सांचौर**

### तीन जनसुनवाइयों में उठा मुद्दा, फिर भी मौन

बड़सम पुल शहर की बसावट से पूर्व का है। ऐसे में यह एकमात्र नाला है। जहां बारिश का पानी बाहर जाता है। नाले के किनारे सांचौर शहर बसा हुआ है, किन्तु अब प्रभावशाली लोगों ने नाला परिधी में कब्जे कर अवैध अतिक्रमण कर दिए है। करीब दो सौ मीटर चौड़ा चलने वाले नाले के बहाव क्षेत्र की बदौलत 2015 व 2017 की भीषण बाढ़ के बावजूद निकासी का रास्ता खुला होने से सांचौर शहर बाढ़ की चपेट में आने से बचा था। कार्रवाई नहीं होने पर लोगों में दिन ब दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर परिषद के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह मुद्दा जनसुनवाई में भी उठ चुका है। जिस पर यह बात सामान्य बताई गई। हालांकि, यही बयान अब ईओ की भूमिका को सवालों के घेरे में ला रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि जब मामला जनसुनवाई में आ चुका था, तो नगर परिषद और प्रशासन ने पहले से कार्रवाई क्यों नहीं की।

पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक

## जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा गरमाया

▪ जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी, अधूरे कार्यों को पूरा करवाने की रखी मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**रानीवाड़ा।** पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक शनिवार को प्रधान राघवेंद्रसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में हुई। विधायक रतन देवासी भी मौजूद रहे। बैठक में जल जीवन मिशन में हो रही अनियमितताओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। विकास अधिकारी हेमलता विश्नोई ने पिछली बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया। जनप्रतिनिधियों ने बिजली और जलदाय विभाग की शिकायतों के निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिलास्तर के अधिकारियों की उपस्थिति की मांग की। कई पंचायतों के प्रशासकों ने जेजेएम योजना के अधूरे कार्यों और वंचित ढाणियों को पेयजल से जोड़ने के मुद्दे पर पीएचइडी अधिकारियों की आलोचना की।

### नलों में नहीं पहुंचा पानी : देवासी

विधायक रतन देवासी ने कहा कि आज भी पंचायतों में योजना का काम अधूरा है और नलों में पानी नहीं पहुंचा है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन में प्रोजेक्ट अधिकारी और ठेकेदार मिलकर अनियमितताएं कर रहे हैं।

### डिस्कॉम की कार्यशैली पर उठे सवाल

डिस्कॉम की कार्यशैली पर भी सवाल उठे। जर्जर पोल, ढीले तार, गलत बिल और कनेक्शन न देने की शिकायतें सामने आईं। बैठक में तहसीलदार हनवंतसिंह, सीबीइओ गजेंद्र देवासी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### समस्याओं का करें त्वरित समाधानः देवड़ा

प्रधान ने विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और रानीवाड़ा के प्रसिद्ध पशु मेला सेवाडिया में आने का निमंत्रण दिया।

# रामेश्वर नगर राजस्व गांव को निरस्त करवाने की मांग

## ■ भूख हड़ताल जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व ग्राम रामेश्वर नगर को निरस्त करवाने की मांग को लेकर चौथे दिन भूख हड़ताल जारी रखी। भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों में स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई। वहीं ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। तीसरे दिन तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्रसिंह राजपूत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन जारी रखा। पुखराज, बलवंत एच सुथार, कृष्णसिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम, महावीरसिंह, महेन्द्रसिंह, तुलाराम पुरोहित, लक्ष्मण मेघवाल, जोराराम चौधरी, श्रवण सुथार, खेमाराम, प्रेमाराम, नारायण मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक जीवाराम चौधरी ने धरने पर पहुंचे ग्रामीणों को समस्या के समाधान करने का भरोसा दिलाया। साथ ही राज्य सरकार तक मामला पहुंचाने की भी बात कही।

### ज्ञापन में यह रखी मांगे

उपखंड अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि चौरा में नवसृजित गांव रामेश्वर नगर जो राजस्व गांव घोषित हुआ है जो गलत है व ग्रामीणो की भावना के खिलाफ है। पूर्व ग्रामीणों ने ग्राम की आम सभा करके सामूहिक निर्णय किया गया कि जो राजस्व गांव रामेश्वर नगर नव घोषित राज्य सरकार द्वारा किया गया है वह अवैध और गलत कागजों के और जातिवाद के आधार पर किया गया है। इसे आम ग्राम सभा में सामूहिक निर्णय लेकर राज्य सरकार को तुरंत इस गांव को राजस्व गांव से निरस्त करवाने की मांग की थी। चौरा ढाणी को ग्राम पंचायत करावड़ी में नहीं जोड़ने की मांग की थी।

## छुआछूत सामाजिक और संवैधानिक अपराध : गिरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** चैत्रीय नवरात्र को लेकर ऋषि ज्ञान आत्मानंद और भारत माता संस्कार सेवा ट्रस्ट के सानिध्य में सनातन धर्म संस्कार कथा एवं भारत माता आराधना का आयोजन किया जारी है। समारोह में शनिवार को महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी ने कहा कि छुआछूत सामाजिक और संवैधानिक अपराध है। सिर्फ कथनी में ही नहीं बल्कि करनी में भी इस कुरीति को समाप्त करना जरूरी है। सभी समान है और सभी में प्रभु का वास है। इससे पहले संतों का सम्मान किया गया। ज्ञान आत्मानंद के भारत माता ट्रस्ट द्वारा की जा रही कथा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैदिक धर्म एवं भारतीय संस्कृति समाज को संस्कार से शिक्षित करने का प्रेरणादायक प्रयास कर रहें है। उन्होंने कहा कि पूज्य जलंधरनाथ और जाबालि ऋषि की तपोभूमि पर सर्व समाज का यह कार्य म सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा भारत का भविष्य के आधार परिवार और संस्कारों पर ही निश्चित होगा। ज्ञान आत्मानंद ने मायड़ भाषा मे कथा करते हुए गुरु महिमा और गृहस्थ धर्म के कर्तव्यों की विस्तार से व्याख्या की। देवीलाल माली, गिरीश माथुर, दिनेश माली, बाबूलाल सुंदेशा, अजय गुप्ता, मदन सोलंकी, संदीप जोशी, अशोक शर्मा, राजेन्द्र भूतड़ा, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, उमाकांत गुप्ता, देवीलाल सुंदेशा, बलवीर शर्मा, मोहनलाल, बालकृष्ण, सरदारसिंह, सुषमा गोयल, प्रेमराज, गोपाल जोशी, अशोक गुर्जर, कपूराराम परिहार, नारायणलाल आदि मौजूद थे।

## नि:शुल्क कोचिंग क्लास का किया शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** कलबी कर्मचारी संघ की ओर से संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। समाज के गोमाराम चौधरी ने कहा कि एकाग्रता व कड़ी मेहनत से सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से अपने लक्ष्य को साधकर पढाई करने की बात कही। पन्नाराम चौधरी ने कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के युग में नियमित अध्ययन की आवश्यकता है। मफाराम ने कहा कि समाज के कर्मचारी वर्ग द्वारा इस प्रकार की निःशुल्क कोचिंग सेवा का संचालन करना सराहनीय कार्य है। प्रभुराम चौधरी ने कहा कि कठिन मेहनत से किसी लक्ष्य को साधा जा सकता है। साथ ही उन्होने बच्चों से बड़े सपने देखने की बात कही, ताकि सफलता जल्दी मिले। तहसीलदार पन्नाराम चौधरी ने बदलते परीक्षा पैटर्न के बारे मे बताया। जोधाराम, दजाराम ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नरसाराम ने किया। मालाराम, हकमाराम, रमेश कुमार, नगाराम सहित कई जने मौजूद रहे।

## राम जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रामनवमी के उपलक्ष्य में रविवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व स्थानीय समाजसेवी संगठनों के सहयोग से दोपहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्य म संयोजक संदीप देसाई ने बताया कि शोभायात्रा फाफरिया हनुमान मंदिर से धर्म ध्वज के साथ शुरू होगी। जो हाइसैकंडरी स्कूल, कुल्फी फैक्ट्री, रामदेव मंदिर, पुराना पुनासा बस स्टैंड, पुराना भीलों का चौहटा, घांचियों का चौहटा, पुराना महालक्ष्मी मंदिर व विवेकानंद सर्किल से माघ चौक तक पहुंचेगी। विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रांत कोषाध्यक्ष राव वचनसिंह ने बताया कि शाखा मैदान में विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा। इस दौरान 108 दीपों की महाआरती की जाएगी। कार्य म में महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। हर वर्ष रामनवमी पर शोभायात्रा मोटर साइकिल पर निकलती थी। लेकिन इस बार पैदल ही निकलेगी। शोभायात्रा में सभी कार्यकर्ता केसरिया साफा और श्वेत वस्त्र में भाग लेंगे। इसी के साथ ही रथ, डीजे, बैंड व झांकी सहित बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

### आज निकलेगी शोभायात्रा

**रामसीन।** विहिप की ओर से रविवार शाम को रामनवमीं पर सरियादेवी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। विहिप के भरत प्रजापत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव पर गांव के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें राम दरबार की झांकियों को शामिल किया जाएगा।

## कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भीनमाल व बागोड़ा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक शनिवार को निकटवर्ती निम्बावास गांव में विधायक डॉ समरजीतसिंह, महंत अमृतनाथ महाराज, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी श्रवण पटेल, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष जीवसिंह व बागोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश देवासी की मौजूदगी में आयोजित की गई। संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। समस्त मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिवंगत बोहरा को श्रीमाल गौरव शिरोमणि रतन भूषण सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** पूर्व पंचायत सदस्य समाजसेवी, गोभक्त तारीदेवी बोहरा को विप्र फाउंडेशन जालौर द्वारा उनके मरणोपरांत श्रीमाल गौरव शिरोमणि रतन भूषण से अलंकृत कर परिवारजनों को सम्मान पत्र सौंपा गया। श्रीमती बोहरा का 20 मार्च को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। बोहरा को समाज सेवा के क्षेत्र एवं गौ सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए उनके नाम यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेश नवीन, घनश्याम व्यास, भानाराम बोहरा, मुकेश जोशी, महेंद्र त्रिवेदी, गिरीश अवस्थी, सुरेंद्र जोशी, भरत त्रिवेदी, अशोक बोहरा, चंदूलाल बोहरा, हितेष बोहरा, नवीन बोहरा, परेश बोहरा, किरण बोहरा, भावेश बोहरा, सुरेश जोशी सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। इस मौके दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी बंधुओं ने विप्र फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने के प्रयासों के तहत निवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कर राज्य सरकार से गौ माता को राज्य माता घोषित करवाने की मांग की गई।

## पथ संचलन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार शाम को पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। पथ संचलन स्थानीय नर्मदेश्वर महादेव मठ से आरंभ होगा जो विभिन्न मार्गो से होते हुए फिर से मंदिर पहुंच विसर्जित होगा।


## जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.

प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर -343001

वर्ष 1990 से निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर

🙏 आभार !! धन्यवाद 🙏

सभी सदस्यों , ग्राहको, निवेशकों और हितधारकों का

कुल व्यवसाय ₹750 करोड़ के पार

वार्षिक व्यवसाय वृद्धि दर : 20%

वित्तीय परिणाम 31 मार्च 2024-2025

| | 31-03-2024 | 31-03-2025* |
|---|---|---|
| सदस्यता | 18331 | 19193 |
| हिस्सा पूँजी | ₹ 14.58 cr. | ₹ 16.26 cr. |
| अमानतें | ₹ 374.55 cr. | ₹ 450.63 cr. |
| ऋण/ अग्रिम | ₹ 251.12 cr. | ₹ 302.07 cr. |
| कार्यशील पूँजी | ₹ 467.02 cr. | ₹ 555.65 cr. |
| व्यवसाय वृद्धि | ₹ 105.61 cr. | ₹ 127.03 cr. |
| सकल लाभ | ₹ 10.04 cr. | ₹ 10.06 cr. |
| शुद्ध एन.पी.ए. | ₹ 0% | ₹ 0% |
| शाखाएँ | 16 | 18 |

*Unaudited

परमानन्द भट्ट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी | सीए मोहन पाराशर, अध्यक्ष | ललित कुमार दवे, उपाध्यक्ष

संचालकगण : दिनेश परमार, गणेश राम मीणा, गिरीश बंसल, कलिष चौधरी, कान्तिलाल भण्डारी, मोहनलाल परमार (सांचौर), मोहनलाल परमार, नम्रता जैथलिया, श्यामलाल बोहरा(भीनमाल), उषा कुमावत। सहवृत संचालक : हेमताराम प्रजापत, निखिल कुमार दवे

BOM सदस्य : हरीश माहेश्वरी, मोहम्मद इसाक बेग, पियुष बंसल

Customer Helpline No.- +91 - 9079806434 | Website :www.jalorebank.com | Email ID- headoffice@jalorebank.com


# वृद्धा के साथ लूट का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** पुलिस ने पोषाणा में दो अप्रेल की रात्रि में वृद्ध महिला के साथ हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व जालोर वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के निर्देशन में एएसआई राजाराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौका मुआयना कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए तुरन्त एमओबी टीम को मौक पर बुलाकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यों का संकलन किया गया। गठित टीम ने जिला साइबर टीम डीसीआरबी से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया। साथ ही गांव पोषाणा, सियावट व आसपास आने जाने वाले रास्तो पर निगरानी रखते हुए उन रास्तों पर लगे हुए 80 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पाषाणा निवासी हरसनराम (32) पुत्र दलाराम मेघवाल की गतिविधि संदिग्ध लगने पर उसे दस्तियाब किया गया। पूछताछ के दौरान जुर्म कबुल करने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के साथ एएसआइ राजाराम, हेड कांस्टेबल भूराराम, कांस्टेबल घमूराम, अर्जुनकुमार, जगताराम, लक्ष्मणराम एवं तकनीकी टीम में कांस्टेबल पहाडसिंह शामिल रहे।



### यह था मामला

पीड़िता चुन्नीदेवी (90) पत्नी प्रभुराम राजपुरोहित ने पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि उसके पति का आज से करीब 8 साल पहले निधन हो चुका है तथा वह घर पर अकेली रहती है। उसके चार पुत्र है जो सभी देशावर रहते है। गत 2 अप्रेल की रात्रि को खाना खाकर सो गई थी। रात्रि करीब 10-11 बजे के बीच अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर उसके गले से 1.5 तोला सोने की चेन जबरदस्ती गले से तोड़कर ले ली तथा सिराणे में रखे 15 हजार रुपए भी ले लिए। वृद्धा ने बीच बचाव का प्रयास किया तो अज्ञात बदमाश ने उसका गला पकड़ लिया, जिससे उसके गले पर खरौंच आई। उसके बाद बदमाश वहां से भाग गया। वृद्धा के घर से बाहर आकर जोर जोर से आवाज लगाने पर पड़ौसी हरसन व जीताराम देवासी अभाग कर पहुंचे एवं घटना की जानकारी लेकर उसे घर ले गए। सवेरे वृद्धा के परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर गए।

# राम हमारे आदर्श और हिन्दू समाज के स्वाभिमान के प्रतीकः अनिल कुमार





## रामनवमी पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने और इस भव्य आयोजन के लिए सर्व समाज की सहभागिता को लेकर शुक्रवार रात को आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में केसरसिंह के मुख्य आतिथ्य में आरएसएस के जिला संघचालक डॉ जगदीश आर्य की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि रघुनाथ माली एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली के सानिध्य में श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति, विहिप के तत्वावधान में सर्व हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि प्रभुराम के जन्मोत्सव के बाद निकलने वाली शोभायात्रा भव्य और ऐतिहासिक हो इसके लिए 36 कॉमें प्रत्येक समाज और संस्था संगठन के प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारी ली। इसके आलाव जिलेभर में शोभायात्रा निकलेगी। वर्मा ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा कि राम हमारे आदर्श है ओर हिन्दू समाज के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन की रक्षा के लिए हिंदुओ को जागृत होना जरूरी है। हर हिन्दू घर से, हर हिन्दू समाज से शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर हम अपनी एकता एवं संगठन शक्ति का परिचय देवे। रविवार को रामनवमी शोभायात्रा में हमारी एकता लोगो के लिए मिशाल बने इसके प्रयास किये जाए। वर्मा ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर बैठकर भगवान राम की ध्वजा लेकर दो घुड़सवार चलेंगे उसके पीछे बैंड, नासिक ढोल, गैर नृत्य करते नृतक और हनुमान जी के प्रतिकात्मक वाले आठ फिट के दो कलाकार भी साथ में रहेगें। उन्होने बताया कि विभिन्न समाजों के अखाड़े शस्त्र व शक्ति प्रदर्शन करते हुए चलेगें इनमें महिलओ के भी अखाडे भी शामिल होंगे। वर्मा ने बताया कि राम महोत्सव समिति की दो झांकी के अलावा सभी समाजों विद्यालयों की झाकिंयो के साथ डीजे सम्मलित हागे। मांगूसिंह बावली ने आभार व्यक्त किया। जिला प्रचारक योगेश, सेवा भारती के प्रांत संयोजक चम्पत मिस्त्री, राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका चित्रलेखा जोशी, पंतजलि महिला योग समिति की जिला संयोजिका पवन आर्य, उपाध्यक्ष हीरालाल माली, रोहित खत्री, माधूसिंह, महामंत्री शंकरलाल माली, शिवलाल सुथार, समन्वय प्रमुख कैलाश जोशी, धनसंग्रहण टोली प्रमुख जब्बरसिंह, कोषाध्यक्ष पुखराज सुथार, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्रसिंह, ग्रामीण संपर्क बाबूसिंह माकरोड़ा, शहरी संपर्क बस्ती प्रमुख हिमांशु राजपुरोहित सजावट प्रमुख प्रशांतसिंह, प्रशासनिक प्रमुख शिवलाल जिंनगर, योजना प्रमुख अनिल सगरवंशी, सह प्रमुख दिनेश वेष्णव, नगर संपर्क प्रमुख विक्रमसिंह सोलंकी, मूर्ति प्रमुख जसवंत माली, शोभायात्रा कार्य प्रमुख हितेन्द्र ओझा, सह प्रमुख विक्रमसिंह, झांकी प्रमुख सुनील गुप्ता, सह प्रमुख मदन सेन, हॉस्टल प्रमुख अमन प्रजापत, शोभयात्रा योजना प्रमुख रेवाशंकर रावल,भजन मंडली प्रमुख इन्द्रा खत्री,सह प्रमुख पिंकी राजपुरोहित, रंजनदेवी, कार्यालय प्रमुख प्रकाश सेन आदि मोजूद थे।

### रैली में यह रहेगा आकर्षण

शोभायात्रा में पांच हजार से अधिक भगवें झण्ड़ें, 21 फूट की दिव्य रूप वाली प्रभूराम की प्रतिमा, 75 वाहिनियों में उनके विभिन्न स्वरूप व दुर्गा माता के नौ स्वरूपों के दर्शन आमजन को मंत्रमुग्ध करेगा। इसके अलावा कई कलाकार प्रतिभा दिखाऐंगे।



**शिवगंज।** रामनवमी महोत्सव को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह है। ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के युवा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। हिन्दू नव वर्ष की प्रतिपदा एकम से लेकर होमाष्टमी तक रोजाना दोपहर 3 बजे से होली चौक स्थित राम मंदिर में जानकी महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हो रहा है। होमाष्टमी के दिन रात को डीजे गरबा का आयोजन हुआ। सवेरे प्रभात फैरी निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के तहत महाआरती का आयोजन होगा।



# कुमावत दूसरी बार बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं संगठन पर्व के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया के निर्देश पर जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी ने ताराराम कुमावत पर विश्वास जताते हुए कुमावत को फिर से मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। कुमावत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व एवं राज्य मंत्री ओटाराम देवासी व जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी द्वारा मुझ पर दूसरी बार विश्वास किया है जिस पर मैं खरा उतरूंगा व पार्टी की मजबूती के लिए तन मन धन से कार्यकताओं के साथ हर काम के लिए खड़ा रहूंगा। ताराराम कुमावत के अध्यक्ष बनते ही मंडल उपाध्यक्ष कुंदनमल राठी, राकेश सोनी, मुकेश प्रजापत, रूपेश देवासी, नेनमल जैन, तेज कुंवर, प्रमिला सुथार, अंजू अग्रवाल, अनिल पालीवाल, भरत सुथार, राजेंद्र पुरोहित, कुंदनमल अग्रवाल शंकरलाल परिहार अशोक कुमावत जैसाराम माली ने बधाई दी।

# प्रदेश सचिव करणोत का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** पत्रकार संगठन आइएफडब्लुजे के नवनियुक्त प्रदेश सचिव व जोधपुर संभाग के प्रभारी विक्रमसिंह करणोत व जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत का आयुष नर्सेज महासंघ के सदस्यों ने स्वागत किया। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर ने सिरोही व पाली जिले के योग प्रशिक्षकों के स्थाईकरण संबंधित समस्या एवं बेरोजगार आयुष नर्सेज की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। प्रदेश सचिव करनोत ने बताया कि मीडिया शासन प्रशासन एवं बेरोजगारों, जनता के बीच सेतु का कार्य करते है और एक पत्रकार का दायित्व है। करनोत ने बताया कि आप की योग प्रशिक्षकों के मानदेय संबंधित समस्या हो या आयुष नर्सेज भर्ती प्रक्रिया संबंधित समस्या हो को प्रमुखता से मीडिया में प्रकाशित कर सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया और योग प्रशिक्षको 5 माह से रुके मानदेय व आयुष नर्सेज भर्ती समस्या का समाधान हुआ है। जिलाध्यक्ष कुमावत ने कहा कि आपके योग प्रशिक्षक एवं आयुष नर्सेज संबंधित कोई भी समस्या हो तो मीडिया संगठन का सहयोग ले सकते हो। नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर, योग संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष नरेश मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष कल्पेश आर्य, आयुष नर्सेज महासंघ सदस्य कमलेश कुमार, हर्षवर्धनसिंह, पुष्पा कुमारी संगीता कुमारी उपस्थित रहे।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर चौधरी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिवगंज की पालड़ी एम ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य पात्र को भी प्रेरित करने की बात कही। ग्रामीणों ने शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम, डिस्कॉम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर चौधरी ने इस दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत परिवेदनाओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके आवेदन की प्रर्ि या और नियमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडार में गौण मंडी बनने से तेजी से होगा विकासः सांसद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** विश्वकर्मा मंदिर परिसर में शनिवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में मंडार मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद चौधरी ने कहा की भाजपा सरकार आमजन के हितों को देखते हुए लगातार विकास के कार्य कर रही है। इस साल मंडार को एक गौण मंडी ओर नगरपालिका बनाने की घोषणा से मंडार का बहुत तेजी के साथ विकास होगा साथ ही आने वाले दिनों में मंडार को पंचायत समिति का भी दर्जा देने का पुरा प्रयास किया जा रहा है। पूर्व विधायक जगसीराम कोली, किसान नेता गणपतसिंह राठोड़ ने कहा की पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाए विकास के कार्य में किसी तरह की कोई कमी नहीं आएगी। मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, कालूराम चौधरी, देवाराम चौधरी, अजय कुमार टांक, चंदनसिंह परिहार, रावताराम, शांतिलाल चौधरी, जगदीश जीनगर, भटाना मंडल अध्यक्ष कुलदीप, तगतसिंह परिहार, देवाराम रावल, विक्रमसिंह, वगताराम चौधरी, महेश अग्रवाल, दिनेश कोली, अर्जुन राणा, महिला मोर्चा की रमीला माली, रेवदर प्रधान राधिका देवासी, नानाजी देवासी गणपत जोशी, नरभा रामपुरोहित, धनेश चौधरी, हसमुख जैन, देवाराम देवासी, देवीसिंह देवड़ा, सरपंच पीराराम, जगदीश घांची, हिराराम चौधरी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश चौधरी, नागजीराम देवासी, रमेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

### पालिका बनने से विकास में लगेंगे चार चांद : जिला प्रमुख

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि मंडार में पालिका बनाए जाने पर क्षेत्र के विकास में चार चांद लगेंगे ओर सभी पदाधिकारियों का पूरा प्रयास रहेगा की मंडार को पंचायत समिति बनाया लाएगा। ऐसे में यहां के लोगों को काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तथा विकास के कई आयाम स्थापित होंगे। नगर पालिका बनने पर किया स्वागत मंडार कस्बे को नगरपालिका बनाने ओर मंडार में गौण मंडी खोलने की घोषणा के बाद पहली बार मंडार पंहुचे सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, गणपतसिंह राठोड़ का भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



# पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दादावाड़ी में शनिवार को स्काउट ग्रुप लीडर व प्रधानाचार्य बलवंतसिंह राठौड़ के सान्निध्य में ईको क्लब गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईको क्लब सदस्य बालचरों व विद्यार्थियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए एवं नियमित जल व चुग्गे की व्यवस्था का संकल्प लिया। सचिव डॉ. रमेशचन्द्र आगलेचा ने स्काउट्स को जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए जल की बचत करने व जीवदया सर्वोपरि की सीख दी। प्रधानाचार्य बलवंतसिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को जीवों के प्रति दया व पेड़ - पौधों के सारसंभाल की सीख दी। सहायक स्काउट प्रभारी राजेन्द्रकुमार गहलोत ने स्काउट्स को जीवन में हमेशा भलाई के कार्य व सेवा के लिए सदैव तैयार रहने की सीख दी। बीएड इंटर्नशिप छात्राध्यापक गोविंद मीणा का पर्यावरण जन चेतना कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

# गोचर भूमि में बिना टेंडर प्रक्रिया के काटे बबूल, अब होगी कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** ग्राम पंचायत पालड़ी एम की ओरण गोचर भूमि में विलायती बबूल की कटाई कर कोयला बनाने की शिकायत पर विकास अधिकारी मुलेंद्रसिंह ने टीम भेजकर कार्रवाई की। हालांकि मौके से मात्र दो तीन बोरिया ही जब्त की गई। वेरा विलपुर के समीप पिपलेश्वर महादेव मंदिर से आम्बेश्वर गौशाला रोड पर कुछ लोगों की ओर से बिना स्वीकृति के अंग्रेजी बबूल की कटाई कर कोयला बनाने की सूचना मिली थी। वन व पहाड़ी क्षेत्र पंचायत की भूमि के पास स्थित होने के कारण लोगों ने इतना ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते कोयला माफियाओं ने अवैध कार्य को यथावत रखा।



### निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

विलायती बबूल काटकर कोयले बनाने के कारोबार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। विलायती बबूल के साथ साथ हरे पेड़ों को भी काटा है।
**गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, वेरा विलपुर**

### कोई टेंडर नहीं हुआ

*बुधवार शाम को बबूल की कटिंग होने एवं कोयले की जानकरी मिली थी। पंचायत समिति व ग्राम पंचायत स्तर पर न तो कोई टेंडर जारी किया और ना ही कोई ठेकेदार अधिकृत किया गया। एक दो दिन में जांच करवा दी जाएगी।*
**मुलेंद्रसिंह**
**बीडीओ, पंचायत समिति शिवगंज**

### मौके पर जाकर देखूंगा

*मुझे इस पूरे मामले की जानकारी नहीं है। लेकिन, ग्राम पंचायत की ओर से किसी प्रकार से कोई भी टेंडर प्रक्रिया नहीं की गई है। मौके पर जाकर इसकी जांच करेंगे। इसके वीडियो एवं फोटा आए है।*
***ललित मीणा***
**ग्राम विकास अधिकारी**

# ऑपरेशन अखरोट के तहत बजरी से भरे दो ट्रैक्टर जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन अखरोट के तहत विशेष कार्रवाई कर बजरी से भरे दो टैक्टर जब्त किए। थानाप्रभारी रविन्द्रपाल सिंह राजपुरोहित बताया कि मंडार जुआदरा नदी क्षेत्र में गस्त के दौरान नदी से अवैध चोरी पूर्वक खनिज बजरी भरा ट्रैक्टर दिखा। पुलिस ने चालक मौके से फरार हो गया। दूसरा चालक भरत कुमार कोली निवासी मंडार मौके से गिरफ्तार कर बजरी से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया।



# कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है : देवल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार/पाली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को नियुक्त पाली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हिमपालसिंह देवल के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा की अध्यक्षता में पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक कांग्रेस भवन में हुई। प्रभारी देवल ने बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने एवं कांग्रेस विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक भीमराज भाटी ने भी बूथ इकाइयों के गठन सहित संगठनात्मक मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। जिला कांग्रेसध्यक्ष अजीज दर्द ने कार्यकर्ताओं को एक जूट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा ने पाली शहर ब्लॉक की संगठनात्मक गतिविधियों को अवगत कराया।

**यह भी रहे मौजूद**

कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, महिला प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, वरिष्ठ नेता जब्बरसिंह राजपुरोहित, जोगाराम सोलंकी, भंवर राव, गोविन्द बंजारा, मांगूसिंह दुदावत, दिनेश दवे, यशपाल सिंह कुम्पावत, रंगराज मेहता, ताराचन्द चन्दनानी, मंगलाराम भीण्डर, सुनील रामावत, विनोद मोदी, आमीन अली रंगरेज, गोविन्द मेवाड़ा, साबिर अशरफी, रमेशकुमार चावला, संतोखसिंह बाजवा, रघुवीरसिंह मंडली, ओमाराम चौधरी, ताराचंद टाक, गणपत पटेल, बाबूभाई कीर, ओटाराम सीरवी, दरियादेवी, अजीज लीडर, चंद्रपाल पुनायता, अशगर कुरैशी, पुष्प सोनी, इकबाल शेख, राहुल घावरी, जुगराज चौहान, श्याम बागोरिया, मासूमअली मेव, लाल मोहमद, रफीक चौहान, कमरूदीन पठान, रमेश परिहार, रोशनसिंह सोलंकी, गुलाब सोढ़ा, धनराज आर्य, जगदीश कुमार प्रजापत, घनश्याम भाटी, शमीम बानो, लक्ष्मण कच्छावाह, विजय जोशी, चेलाराम रारबडा, राजूराम आदि मौजूद थे।







बाबासाहेब आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस

# भव्य और गरिमामय हो आयोजन: सीएम

- अनुयायियों को हर सुविधा देने के निर्देश
- चैत्यभूमि पर हजारों अनुयायी आते हैं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर की 14 अप्रेल को होने वाली परिनिर्वाण दिवस (जयंती) के अवसर पर लाखों अनुयायी चैत्यभूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं। उनके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी विभागों को सुनियोजित तैयारी करनी होगी। मुंबई महानगरपालिका, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों को समन्वय बनाकर इस जयंती समारोह को भव्य और गरिमामय रूप से आयोजित करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीसीएम एकनाथ शिंदे, डीसीएम अजीत पवार, विधायक संजय बनसोडे और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक उपस्थित थे।



■ बैठक में मुंबई महानगरपालिका की ओर से विस्तृत योजना प्रस्तुत की गई। साथ ही, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विशेष पोस्टर का विमोचन किया गया।

### बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला, बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. इकबाल सिंह चहल, कोकण विभागीय आयुक्त डा. विजय सूर्यवंशी, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर, सामाजिक न्याय विभाग के प्रधान सचिव डा. हर्षदीप कांबले, भंते डा. राहुल बोधी महाथेरो,डा. बाबासाहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिन समन्वय समिति के महासचिव नागसेन कांबले और दादर चैत्यभूमि स्मारक समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हर विभाग निभाए पूरी जिम्मेदारी

■ हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी कुशलता से निभानी होगी। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष सावधानी बरतनी होगी। इसके अलावा, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आगंतुकों के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### बैठक में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देश

- पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर और हेलिकॉप्टर से चैत्यभूमि पर पुष्पवर्षा।
- शिवाजी महाराज मैदान में विशाल आवासीय मंडप और आपातकालीन प्रबंधन।
- स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रदर्शनी मंडप, चैत्यभूमि स्तूप और परिसर की सजावट।
- "लोकराज्य" पत्रिका का विशेष संस्करण और सरकारी विज्ञापन प्रचार।



### हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

धूप से बचाव के लिए मंडप (शेड) लगाए जाएं और उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विशेष रूप से पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दादर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात पुलिस को उचित यातायात प्रबंधन करना चाहिए, और प्रमुख स्थानों पर दिशा-निर्देश संकेतक लगाए जाएं। बेस्ट प्रशासन को दादर स्टेशन से चैत्यभूमि तक पर्याप्त बस सेवा उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि नागरिकों को यात्रा करने में सुविधा हो।

ठाणे राज्य आबकारी विभाग की कार्रवाई

# 61.46 लाख की नकली शराब बरामद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे राज्य आबकारी के विभागीय उपायुक्त ने एक गिरोह के पांच आरोपियों को 61.46 लाख रुपए की नकली शराब और मशीन जब्त की। इस कार्रवाई से राज्य आबकारी ठाणे टीम को ठाणे जिले में नकली शराब बेचने वाले तस्करों पर नकेल कसने में सफलता मिली। इस बीच राकेश बलराम म्हात्रे इस अपराध से भागने में सफल रहा। उसकी तलाश की जा रही है।

राज्य आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को गोपनीय सूचना के आधार पर एक अप्रैल को होटल पीएम पैलेस, पेनकरपाड़ा मीरा रोड पूर्व, में बिक्री किए जाने की सूचना के आधार पर, ठाणे संभागीय राज्य आबकारी उपायुक्त प्रवीण तांबे के मार्गदर्शन में एक टीम ने ठाणे जिले के पेनकरपाड़ा मीरा रोड पूर्व में होटल पीएम पैलेस के बगल वाली गली में एक स्थान पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान रामकेश सीताराम गुप्ता को गिरफ्तार कर एक लाख 25 हजार 470 रुपए कीमत की नकली शराब जब्त की गई।



▶▶ पांच आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता ने बताया कि शराब सप्लायर अब चेतन वाइन शॉप के सामने, जांगिड़ सर्कल, सृष्टि रोड, मीरा रोड पूर्व तालुका में है। टीम ने टेम्पो क्र. एमएच-12-एचडी-7761 के आने पर, 180 मिली रॉयल चैलेंज व्हिस्की का एक बॉक्स और 180 मिली डीएसपी ब्लैक बॉक्स को टेम्पो में बैठे आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता को दिया गया। टीम ने तुरंत डिलीवरी करने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। टीम ने नकली शराब बनाने और बेचने के मामले में आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता, राहुल ज्ञानेश्वर काते, गणेश प्रकाश बांद्रे, पप्पू देवनाथ गुप्ता और नितेश बलराम म्हात्रे को गिरफ्तार किया है. अपराध के मुख्य आरोपी राकेश बलराम म्हात्रे को भगोड़ा घोषित कर दिया गया है क्योंकि वह नहीं मिल सका। टीम उसकी तलाश कर रही है।

# नियमों की धज्जियां उड़ाते ऑटो चालक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अंधेरी स्टेशन से रवाना हो रही एक ऑटो रिक्शा में चालक सहित कुल छह लोग सवार दिखे, जिनमें एक यात्री ऑटो से बाहर लटक रहा था। सिग्नल पर रुकने पर वह सड़क का सहारा लेता नजर आया, लेकिन रिक्शा के चलते ही वह हवा में ही लटकता रहा। यह दृश्य न सिर्फ नियमों की अनदेखी का प्रमाण हैं, बल्कि यात्री की जान के लिए बड़ा खतरा भी हैं। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के लिए यह एक चेतावनी हैं कि स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमों के पालन पर सख्ती बरती जाए, वरना हादसे कभी भी हो सकते हैं।




# भगवान राजेश्वर का मनाया जन्मोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री आजंणा चौधरी के आराध्य श्री श्री 1008 श्री राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव एवं रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के निमित्त शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू हुआ और देर तक श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या के पूर्व आरती का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन छह अप्रेल को हलाई लोहाना महाजनवाडी, भूलेश्वर मुंबई में भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह के इस अवसर पर भगवान राजेश्वर का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस जयंती समारोह पर भक्ति कार्यक्रमों के साथ समाजबंधु महाप्रसादी का लाभ लेंगे। कार्यक्रम में भक्ति संध्या के दौरान भारी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वहीं जन्मजयंती में भी बड़ी संख्या में राजेश्वर भगवान के भक्त उपस्थित रहकर उनके जन्मोत्सव के साक्षी बनेंगे। शनिवार को कार्यक्रम कई श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम का आनंद लिया।

# मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए कुणाल कामरा

**मुंबई।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने तीसरा नोटिस भेजा था। हालांकि कुणाल कामरा इस तीसरी नोटिस के बाद भी मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ उन्होंने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस सिलसिले में कुणाल कामरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में शनिवार को मुंबई पुलिस के समक्ष कुणाल कामरा को पेश होना था, लेकिन कुणाल कामरा शनिवार को भी पुलिस के सामने नहीं पहुंचे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# 24 घंटे में नाबालिग लड़की को पुलिस ने परिवार को सौंपा

**ठाणे।** ट्यूशन क्लास को जा रही एक नाबालिग लड़की को एक अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर गुरुवार को अगवा कर लिया। काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे और उनकी पुलिस टीम ने महज 24 घंटे के भीतर अपहृत नाबालिग लड़की को सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया गया। लड़कियों के परिवारों ने वपोनी शिंदे और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। शिकायतकर्ता ने चार अप्रेल को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय बेटी खुशी (बदला हुआ नाम) 9वीं कक्षा में पढ़ती है। चूंकि उसकी वार्षिक परीक्षाएं थीं, इसलिए वह उसी भवन में रहने वाले शिक्षक के पास निजी ट्यूशन के लिए जाती थी जहां वह रहती थी। हमेशा की तरह, वह गुरुवार, तीन अप्रेल को शाम सात बजे गई। मैं तो रात नौ बजे तक घर आ जाती थी, लेकिन मेरी बेटी (ख़ुशी) गुरुवार को रात 10 बजे के बाद घर नहीं आई। मुस्लिम परिवार ने शुक्रवार को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे से मुलाकात कर उसकी तलाश करने का अनुरोध किया था।

■ पुलिस का परिवार ने जताया आभार

# ठाणे : फरार आरोपी नासिक से गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने नेटवर्क का उपयोग करते हुए ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत मानपाड़ा और तिलकनगर पुलिस थानों में दर्ज यातना और शस्त्र अधिनियम के मामलों में पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे आरोपी सुरेंद्र पांडुरंग पाटिल (52) को 4 अप्रेल की रात करीब आठ बजे नासिक के होटल सेलिब्रेशन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र पांडुरंग पाटिल (52) निवासी है। चौधरी बिल्डिंग, द्वितीय तल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास, बड़ा बंगला रोड, ठाकुरली, डोबीवली पूर्व सोशल मीडिया पर एक रील स्टार है। कमर पर पिस्तौल बांधे लोगों की कई रीलें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। उसके खिलाफ अवैध हथियारों का प्रयोग कर आतंक फैलाने और यातना देने के दो मामले क्रमशः मानपाड़ा और तिलकनगर पुलिस स्टेशनों में दर्ज किए गए थे। इसके बाद सुरेन्द्र पाटिल भगोड़ा हो गया। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी तो वह भूमिगत हो गया। जब एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने अपने खुफिया नेटवर्क के जरिए जांच की तो पता चला कि भगोड़ा सुरेंद्र पाटिल नासिक जिले के होटल सेलिब्रेशन में छिपा हुआ है। प्राप्त सूचना के आधार पर, जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने नासिक शहर के इंदिरानगर पुलिस स्टेशन की मदद से शुक्रवार रात को छापा मारकर होटल सेलिब्रेशन से सुरेंद्र पाटिल को गिरफ्तार कर लिया।

# अब आसानी से जाएं मंत्रालय

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मंत्रालय सुरक्षा परियोजना लागू की जा रही है, जिसके तहत पहले चरण में चेहरा पहचान आधारित प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब दूसरे चरण में विज़िटर मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) विकसित किया गया है।एक अप्रेल से, क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आगंतुकों के लिए मंत्रालय में प्रवेश के लिए 'डिजी प्रवेश ऐप'ऑनलाइन ऐप पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। अब पंजीकरण के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। पंजीकरण करने के बाद, एक क्यूआर कोड प्राप्त होगा, जिसे मंत्रालय के बाहर निर्धारित खिड़की पर दिखाकर 'आरएफआईडी कार्ड' लिया जा सकता है। इस 'आरएफआईडी कार्डके जरिए सुरक्षा जांच के बाद मंत्रालय में प्रवेश दिया जाएगा। आगंतुकों को आरएफआईडी एक्सेस कार्ड पहनना आवश्यक है और बाहर निकलते समय इसे सुरक्षा कर्मियों को लौटाना होगा। 'डिजी प्रवेश ऐप' एनड्रॉएड और आईओएस दोनों के लिए उपलब्ध है। इसे गूगल प्ले स्टोर (एनड्रॉएड के लिए) और एपल प्ले स्टोर (आईओएस के लिए) से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप को डाउनलोड करने के लिए 'डिजी प्रवेश' सर्च करें। उपयोगकर्ताओं को केवल एक बार पंजीकरण करने की आवश्यकता होगी। इसके बाद, आधार नंबर के आधार पर चेहरे की पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। फिर, आगंतुक अपने दौरे के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं और बिना कतार में खड़े हुए प्रवेश कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया में तीन मिनट से भी कम समय लगता है।




▶▶ 'डिजी प्रवेश ऐप' पर करें पंजीकरण
▶▶ अब कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं

राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति परीक्षा

# नवी मुंबई मनपा स्कूल के 162 छात्र चमके

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 22 दिसंबर को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में मनपा स्कूलों से 1125 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 162 छात्र गुणवत्ता सूची में स्थान प्राप्त कर चमके हैं और उनकी इस सफलता से नवी मुंबई मनपा की शिक्षा नीति को गौरव प्राप्त हुआ है। इन सफल छात्रों में नवी मुंबई मनपा स्कूल क्रमांक 42, घणसोली गांव की स्वराली विठ्ठल जगधने नामक छात्रा ठाणे जिले में तीसरे स्थान पर आई है और नवी मुंबई में प्रथम स्थान पर सफल हुई है।

इसी प्रकार, नवी मुंबई मनपा स्कूल क्र. 55, राजर्षि शाहू महाराज विद्यालय, आंबेडकर नगर, कातकरी पाडा, रबाले के यश तुलशीराम खरगे नामक छात्र ने नवी मुंबई में द्वितीय स्थान पर छात्रवृत्ति प्राप्त की है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शैक्षणिक क्षमता परीक्षण (एसएटी) और बौद्धिक क्षमता परीक्षण (एमएटी) नामक दो पेपर निर्धारित होते हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार जिलेवार और संवर्गवार छात्रों की गुणवत्ता सूची तैयार की जाती है। छात्रवृत्ति के पात्र ठहरनेवाले छात्रों को प्रति वर्ष 16 हजार रुपये छात्रवृत्ति चार वर्षों तक (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) दी जाती है।

इस परीक्षा में सरकारी तथा अनुदानित स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में कक्षा 7वीं में कम से कम 55% अंक प्राप्त करनेवाले और कक्षा 8वीं में पढ़ रहे छात्र पात्र माने जाते हैं। साथ ही उस छात्र के परिवार की वार्षिक आय 3.5 लाख रुपये या उससे कम होना आवश्यक होता है। नमुंमपा स्कूलों से इस परीक्षा में भाग लेनेवाले सभी छात्रों को शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं लेकर मार्गदर्शन किया गया। शिक्षकों द्वारा इन छात्रों का नियमित अभ्यास कराया गया।

स्कूल और केंद्र स्तर पर अभ्यास परीक्षा आयोजित किए जाने के कारण छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हुए। इस राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों की मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने विशेष सराहना की है तथा अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, उपायुक्त संघरत्ना खिल्लारे, शिक्षणाधिकारी अरुणा यादव ने भी इन छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है। इन छात्रों और उनके अभिभावकों में उत्साह का वातावरण है और सभी स्तरों पर इन छात्रों तथा शिक्षकों की सराहना की जा रही है।





▶▶ घणसोली की स्वराली जगधने प्रथम और यश खरगे को मिला द्वितीय स्थान

# नालासोपारा में युवक ने लगाई फांसी

**वसई।** नालासोपारा निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक को मोबाइल गेम खेलने की लत थी। गेम की लत के कारण डिप्रेशन में आकर उसने आत्महत्या कर ली। पिछले हफ्ते विरार में 12 वर्षीय लड़के ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी मां ने उसे मोबाइल फोन नहीं दिलाया था। आर्यन सिंह (20) नामक युवक नालोसापारा पूर्व के तुलिंज स्थित सैहारी अपार्टमेंट में अपने मामा-मामी के साथ रहता था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। उसके माता-पिता गांव में हैं, जबकि आर्यन पढ़ाई के लिए नालोसापारा में अपने मामा के पास रह रहा था। गुरुवार की रात जब घर पर कोई नहीं था, तो उसने रसोई के पंखे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। आनन फानन में उसे उठाकर उपचार के लिए समीप के विजय नगर स्थित मनपा अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या से पहले उसने जो नोट लिखा था, वह रसोई के फ्रिज पर मिला।

राजस्थानी छत्तीस कौम प्रवासी संघ, मुंबई

# जसराज राजपुरोहित का मुंबई में अभिनंदन

सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद जसराज राजपुरोहित के प्रथम मुंबई आगमन पर राजस्थानी छत्तीसकौम प्रवासी संघ, मुंबई द्वारा एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि प्रवासी मारवाड़ी समाज की भूमिका और भाजपा की नीतियों पर विचार-विमर्श का सशक्त मंच भी रहा।

समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राज के पुरोहित, पूर्व विधायक भीनमाल पुराराम चौधरी, पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायणसिंह देवल और मेहसाणा (गुजरात) भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगोर, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह जिले से हैं– सभी ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने भाजपा की नीतियों की सराहना करते हुए प्रवासी समाज से आग्रह किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं।

राज के पुरोहित ने कहा, "प्रवासी मारवाड़ी समाज देशभर में अपने पुरुषार्थ और संस्कृति के लिए जाना जाता हैं, अब समय हैं कि यह समाज राजनीति में भी अपनी भागीदारी बढ़ाए।" पुराराम चौधरी ने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर संगठन की मज़बूती में प्रवासी सहयोग बेहद अहम हैं। नारायणसिंह देवल ने कहा, "हमारे गांवों से निकले युवा जब देश के महानगरों में नेतृत्व करते हैं, तो गौरव की अनुभूति होती है।" गिरीश राजगोर ने जसराज राजपुरोहित को बधाई देते हुए कहा कि गुजरात से मुंबई और जालोर तक भाजपा की विचारधारा को जोड़ने वाले ऐसे नेताओं की आज जरूरत हैं।



जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहला मुंबई आगमन

### अभिनंदन समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस आयोजन में प्रतापचंद दाता, नरेंद्र चौधरी, चतराराम वाली, गणपत खिरोड़ी, नवाराम पुरोहित, धुखसिंह कारोला,भावाराम चौधरी, फूलचंद तातडा, नरसीराम डभाल, सुरेश जैन, सुरेश माली, बाबूलाल भादू, माधव देवासी, वागाराम सुथार, प्रहलाद प्रजापति, ललित एन. राजपुरोहित समेत कई गणमान्य प्रवासी बंधु उपस्थित रहे। समारोह का समापन समाज, संस्कृति और संगठन के बीच समन्वय की भावना के साथ हुआ। सम्मान समारोह में मिलापचंद कानूनगो, खिरोड़ी सरपंच खंगारमल पुरोहित, सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल तातडा, कनकराज घोड़ा, अमृतलाल संघवी, अजयराज पुरोहित, विजयराज नून, भवरलाल ऊन, जोगसिंह साकरणा, राजुभाई समरानी, मेवाराम सुथार, प्रवीण खिरोड़ी, सुरेश सरियाणा, प्रभुराम लूंभावास, मंगल पुरोहित, कांतिलाल सारियाणा, हमीराराम केरिया, पुखराज रतनपुरा, कृष्ण वाली,रमेश वाटेरा,जसवंत रोड़ा, तुलसीराम कैलाशनगर, जीतेंद्र सिंह राठौड़, रमेश घासेड़ी, अखाराम चौधरी, धीराराम खिरोड़ी, दिनेश बालेरा, विक्रम खिरोड़ी, पंकज दाता, ललित जोधावास, खिमजी तातड़ी महावीर पुरोहित रवि वाली,जुहारमल उड़, मश्रसिंह खिरोड़ी, हेमंत पुरोहित, मोहनलाल पालड़ी, राजस्थान भाजपा सेल अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, नानजीराम वाली, मोहनलाल वाली, माधाराम देवासी, सुरेश माली, मगनलाल चौधरी(टारगेट ग्रुप), टीकम वाली, श्रवण तातडा, महावीर तातडा, मोहनलाल घांची, बाबूलाल विश्नोई, धर्माराम खिलेरी, अर्जुनपुरी, निबाराम देवासी, डायाराम भूरिया, जबरसिंह आईपुरा, सुरेश राजपुरोहित, छगनलाल दोलपुरा, राणमल गांधीमुथा, नारायणसिंह राव,गोविंद सरतरा,रेवाराम अणखोल, गणपत मोढ, महेंद्र रणोदर, प्रभुराम प्रजापति, सरेमल लाल ईटाडा, सावलाराम वाली, सावलाराम प्रजापति, जसवंतसिंह राठौड़, देवाराम माली, पुनमाजी, सुरेश चौधरी, हरीश प्रजापति, मनोज भेटाला, रमेश मेड़ा, जयंतीलाल भादरुणा समेत सैकड़ों प्रवासी बंधु मौजूद थे।

# कन्यापूजन को लेकर लाभार्थियों ने किया भंडारा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री लक्ष्मीनारायण भगवान के सानिध्य में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हवनात्मक नवकुण्डी चण्डी महायज्ञ शुरू है ओर इनके आयोजक माँ विश्वेश्वरी सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण, माधवबाग सीपी टेंक मुंबई 30 मार्च को नवरात्रि शुरू हुई थी ओर 7 अप्रेल को पूर्णाहुति होंगी। शनिवार सुबह करीबन तीन सौ से अधिक कन्यापूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे महाप्रसादी के मुख्य लाभार्थी रमेश चौधरी आकोली थे. कन्यापूजन मे पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित व उनकी धर्मपत्नी हेमा पुरोहित समेत कई पुण्यशाली महिलाओ ने कन्याओ को तिलक व चरण धोकर मनपसंद उपहार भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख आचार्य पु. श्री रामकुंडलजी महाराज,ट्रस्टी गौरीशंकर, आशुभाई मोदी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, मश्रसिंह खिरोड़ी,पुष्पा नागदा,अर्जुनपुरी, जेठालाल चौधरी आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।





■ **मुंबई।** मेहसाणा जिला भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगौर का मुंबई आगमन पर पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा और नरेश तातडा ने उनको पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया।

# एक शाम विकावास माता के नाम विशाल भजन संध्या कल

**राजसमंद।** आमेट मेवाड़ के प्रसिद्ध शक्ति पीठों में से एक बिकावास माताजी मंदिर परिसर में नवरात्रि महोत्सव के तहत एक शाम विकावास माताजी के नाम से विशाल भजन संध्या का आयोजन 7 अप्रैल सोमवार रात्रि को किया जाएगा। भोपाजी दल्ला गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन सोमवार रात को 8:00 बजे भेरूनाथ म्यूजिकल ग्रुप गोमती एवम राजा साउंड आमेट के निर्माता प्रभु गुर्जर के सानिध्य में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन कलाकार प्रभु मदारिया,आदि के द्वारा भव्य भजन संध्या एवम लाइव धार्मिक झांकियों का आयोजन विकावास माताजी मंदिर परिसर में आयोजित होगा।

# वन मंत्री संजय शर्मा की जनसुनवाई, पानी और ट्रांसफर की शिकायत लेकर पहुंचे लोग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर में वन मंत्री संजय शर्मा की जनसुनवाई के दौरान आज चांदोली गांव में भूमाफिया की ओर से गरीब परिवारों की बड़ी जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया। इसके अलावा द सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक में अफसरों की मनमर्जी, पेजयल समस्या, कुछ ट्रांसफर के मामले और पंचायत परिसीमन से जुड़ी समस्या सामने आई। वन मंत्री ने सर्किट हाउस में समस्याओं को सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। कुछ परिवेदनाओं को जयपुर, अलवर सहित अन्य जगहों के अधिकारियों को भेजा गया ताकि जल्दी समाधान हो सकें। वन मंत्री ने बताया कि पंचायत राज के परिसीमन को लेकर काफी परिवेदना आई हैं। कुछ चाहते हैं उनका गांव पहले वाली जगह रहे। काफी परिवेदना तबादलों को लेकर आई है। वन विभाग के जरिए जूलीफ्लोरा को हटाने को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। जिसकी जांच कराएंगे। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पानी के लिए अलवर शहर में 39 नए बोरवैल लग चुके हैं। विधायक निधि का पूरा पैसा बोरवैल के लिए दिया गया है। इसके अलावा जलदाय मंत्री से करीब 25 नए बोर स्वीकृति कराए हैं। शहर में करीब 60 नए बोर हो रहे हैं। प्रयास ये है कि टेल एंड तक सबको पूरा पानी समय पर मिले। इस काम में पूरा विभाग लगा है। टोल फ्री नंबर भी जारी कर रखे हैं। ताकि आमजन तुरंत शिकायत कर सकें। सिलीसेढ़ की योजना का पानी भी मिलेगा। जिसके टेंडर हो चुके हैं। अलवर में जिंदोली की घाटी के पास चांदोली गांव में भूमाफिया ने गरीबों की बड़ी जमीन पर कब्जा कर लिया। ये जमीन गैर खातेदारी है। जो कई दशक पहले गरीब परिवारों को आवंटित की थी। जिसमें कुछ खातेदारी है तो कुछ गैर खातेदारी। यहां भूमाफिया ने खातेदारी जमीन खरीद ली और गैर खातेदारी पर कब्जे कर लिए। मनमर्जी से सैकड़ों पेड़ काट दिए। तीन-चार पानी के बोरवैल कर दिए। वन विभाग की जमीन के अंदर से रास्ता जाता है। इतना सब होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की है। इस मामले को सुनने के बाद वन मंत्री ने कहा कि जल्दी प्रकरण की पूरी जांच कर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बीडीओ ने औचक निरीक्षण किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना एवं कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर के दिशा निर्देश व राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में तहसील के ग्राम पंचायत सांखू हरपालु कुबडी व महलाना उतरादा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान का आयोजन कर सफाई कार्य किया गया। राजगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया ने औचक निरीक्षण किया और किए जा रहे सफाई अभियान और सफाईकर्मियों की टीम की कड़ी मेहनत की प्रशंसा भी की। श्रमदान के दौरान गांव की सड़कों सार्वजनिक स्थलों मुख्य गलियों एवं नालों की सफाई की गई विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया ने ग्रामीणों को प्लास्टिक का उचित निपटान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने इसके साथ ही यह संदेश दिया की स्वछता सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हमारे स्वच्छ जीवन के लिए जरूरी है स्वच्छता श्रमदान में ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का सहयोग काफी सराहनीय रहा इस दौरान ग्राम पंचायत के ग्रामीण एवं संबंधित ग्राम विकास अधिकारी एवं राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया मौजूद रहे।

## दुर्गा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन

**सादुलपुर।** दुर्गा अष्टमी पर अखाड़ा सादुलपुर शीतला माता मंदिर के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया । भंडारे में अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर द्वारका प्रसाद शर्मा, महेंद्र बैगानी, जयप्रकाश सरावगी, मनोज बैंगानी ,जुगल किशोर स्वामी, चौथमल दर्जी, नंदकिशोर, मनोज नाई, भोम दूगड़, हीरालाल शर्मा, होशियारमल शर्मा, दिलीप आदि में भंडारे में भागीदारी निभाई।

## न्यूज ब्रीफ

### श्योपुरा बालाजी धाम के पुजारी ने देश में की खुशहाली की मंगल कामना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** निकटवर्ती गाम श्योपुरा बालाजी धाम में नवरात्रा के पावन पर्व पर यज्ञ शाला के पास मंदिर में बनी गुफा में पुजारी हरिचरण शर्मा की ओर से मौन व्रत किया जा रहा है। नवरात्रा के अवसर पर पिछले 40 वर्षो से निरंतर पुजारी शर्मा मां दुर्गा की पूजा के साथ-साथ मौन व्रत की परंपरा को निभाते आ रहे है। ग्रामवासियों ने बताया कि महाराज का मुख्य उद्देश्य धार्मिक व खुशहाली की मंगल कामना रहने का है। प्रमोद पुजारी व संदीप पुजारी ने बताया कि नवरात्रा पर्व, आगामी हनुमान जयन्ती को देखते हुए मंदिर में पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

### श्रीजीण माता मन्दिर में श्रद्धालुओं ने की महाआरती



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** धर्म स्तुप के पास प्राचीन श्रीजीण माता मन्दिर में नवरात्रा पर्व पर पुजा अर्चना का आयोजिन किया जा रहा है। समाजसेवी विनोद प्रजापति ने बताया कि मंदिर में लडडू भोग की सवामणी व माता की आरती के साथ मनाया जा रहा है। मन्दिर के पुजारी रामप्रताप शर्मा ने कहा कि आज सुबह हवन एवं कन्या पुजन का आयोजन किया जाएगा व साथ ही श्रद्वालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# काजीपुरा ग्राम स्थित मां भद्रकाली कुलदेवी मंदिर में दुर्गा अष्टमी महोत्सव संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** निकटवर्ती काजीपुरा ग्राम में स्थित मां भद्रकाली कुलदेवी बरना जोशी (पारीक) मंदिर में शनिवार को दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस अवसर पर मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। मां भद्रकाली की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंदिर प्रांगण जयकारों और घंटियों की गूंज से भक्तिमय हो उठा। समिति के सचिव महेन्द्र पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष गिरिराज पारीक व स्वयं महेन्द्र पारीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में हरीश पारीक, गोविंद पारीक,पुजारी राजू शर्मा, कल्याण पारीक, अशोक पारीक, दिनेश पारीक, ओम-मनोज पारीक, दीपक पारीक तथा व्यवस्थापक मुकेश पारीक सहित कई श्रद्धालु एवं समिति सदस्यगण शामिल रहे। पूरे आयोजन में भक्तों का उत्साह और भक्ति भाव देखते ही बनता था। कार्यक्रम के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक मां का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं अनुशासित और सराहनीय रहीं, जिसे श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से सराहा।

# ब्लड डोनेशन कैंप में 63 ने रक्तदान किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** गांव चंदवा में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया, जहां खिदरसर निवासी युवा रवि जांगिड़ ने अपनी बेटी जिनिषा के पहले जन्मदिन को समाजसेवा से जोड़ते हुए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में भाजपा जिला मंत्री महेंद्र चंदवा सहित 63 लोगों ने रक्तदान किया। झुंझुनू बीडीके अस्पताल ब्लड बैंक के डॉ. रोहित सोनी और उनकी टीम ने रक्त संग्रहित किया, जिससे 63 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जो जरूरतमंदों के जीवन बचाने में अहम योगदान देगा। इस अवसर पर मौजूद गणमान्य व्यक्तित्व भाजपा जिला मंत्री दृ महेंद्र चंदवा, ग्राम सरपंच सोहनलाल, सब-सेंटर, दृ शकुंतला, महेंद्र (अध्यापक), रामावतार (कस्बा) युवा पवन जांगिड़, राजपाल प्रवेश सिहाग, रवि जांगिड़, सुमित, निखिल, मोनू कस्वा सहित कई अन्य, बेटी के पहले जन्मदिन को एक नेक कार्य से जोड़कर समाज को जागरूक करने के इस प्रयास के लिए रवि जांगिड़ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

**राजसमंद।** आमेट विहिप और बजरंग दल की ओर से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 12 अप्रेल को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।कार्यं म की तैयारियों को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की आमेट जिला बैठक नगर के भेरूबावड़ी परिसर में हुई। बैठक में विहिप के जिलामंत्री पिंटु मेवाडा ने विचार व्यक्त किए। वहीं दुर्गावाहिनी की बहनों एवं बजरंग दल के युवाओं की ओर से हैरतअंगेज अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। शोभायात्रा माई राम मंदिर से रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, लक्ष्मीबाजार,सब्जी मंडी ,बडिपोल, जयसिंह श्याम मंदिर,सदर बाजार, शनिमाराज होकर बाहर का अखाड़ा मन्दिर परिसर में संपन्न होगी। आमेट जिला बैठक में जिला उपाध्यक्ष गम्भीर सिह राठौड़, जिलामंत्री पिंटु मेवाडा,नगर अध्यक्ष नारायण सिंह भाटी,राजेन्द्र दाधिच, विक्रम सिंह चौहान,माधव सिह पंवार, वैभव साहू,निर्मल पालीवाल, मुकेश लोहार, हरीश वारी सोनू भोई आदि उपस्थित थे।

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनाबर कायमी तनकीहात**

(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - उपखण्ड अधिकारी मुकाम- देसूरी जिला-पाली (राज.)

ब इजलास - श्री सिद्धार्थ सान्दु (आर.ए.एस.)

मुद्दई वादी - अरविन्द सिंह बनाम मुद्दायलाह प्रतिवादीगण - इन्द्रसिंह वगैरह

दावा बाबत - वाद अन्तर्गत धारा 53, 188, 92(ए) राज. काश्त. अधि., 1955

मुकदमा नम्बर - 13/2025 व 10/2025

बनाम इन्द्रसिंह पुत्र धुलसिंह, मोहर कंवर पत्नी धुलसिंह, रूकेन्दसिंह पुत्र भीकसिंह, मनोहर कंवर पुत्री भीकसिंह, हवन कंवर पत्नी भीकसिंह, जातिराय राजपूत, निवासी-बागोल, तहसील-देसूरी जिला-पाली (राज.) व हुकमसिंह पुत्र धुलसिंह जाति-राजपूत निवासी बागोल हाल-देसूरी व महावीरसिंह पुत्र भीकसिंह, जाति-राजपूत, निवासी-बागोल, तहसील देसूरी जिला-पाली, हाल-51 सूर्य कॉलोनी, नयागांव, पाली (राज.) व राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार, देसूरी, जिला पाली (राज.) को जरिये सम्मन सूचित किया जाता है कि वादीगण अरविन्द सिंह वगैरह ने आपके खिलाफ एक दावा बागोल की कृषि भूमि बाबत विभाजन, स्थाई निषेधाज्ञा व अस्थाई निषेधाज्ञा का यहां दायर किया है, आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिए तारीख 30/04/2025 को 10.00 बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हसब तुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल उमूर अहम मुताल्लिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत की जाती है कि जुमला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईद में इस्तमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो। आगाह करें कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बतिब्ता मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 1.4.2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर

ओहदा
सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)


राजस्थान सरकार का उपक्रम

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



**आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना**

कुल औद्योगिक भूखण्ड 533 | कुल औद्योगिक क्षेत्र 79

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 07 अप्रैल, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अप्रैल, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 22 अप्रैल, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 24 अप्रैल, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 54 | आबू रोड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 30 | अजमेर | 08 | जयपुर (दक्षिण) |
| 07 | अलवर | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 08 | भिवाड़ी-I | 28 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 33 | भिवाड़ी-II | 01 | जोधपुर |
| 26 | बोरानाडा | 36 | किशनगढ़ |
| 01 | दौसा | 01 | मंडोर |
| 08 | घिलोठ | 02 | नीमराना |

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 07 अप्रैल, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अप्रैल, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 23 अप्रैल, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अप्रैल, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | बालोतरा | 02 | जालोर |
| 37 | झालावाड़ | 22 | राजसमंद |
| 23 | भरतपुर | 05 | झुंझुनू |
| 24 | भीलवाड़ा | 31 | कोटा |
| 17 | बीकानेर | 01 | सीकर |
| 02 | चूरू | 02 | श्रीगंगानगर |
| 44 | नागौर | 18 | उदयपुर |
| 50 | पाली | 06 | सवाई माधोपुर |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

राज.संवाद/सी/24/304

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या http://www.riico.co.in

# सुमेरपुर में पहली बार मनाई सम्राट अशोक की जयंती

## चौराहा बनाने की जाएगी मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखा माता मंदिर प्रांगण में शनिवार को सम्राट अशोक की जयंती प्रबुद्धजनों द्वारा धूमधाम से मनाई गई।

सम्राट की तस्वीर पर माला चढ़ाकर अखंड भारत को लेकर उनके द्वारा किए गए अनेक कार्यो को याद किया गया। यह पहला मौका था कि नगर में जयंती मनाई गई। कार्यं म संयोजक दीपक सैनी ने संचालन करते हुए सम्राट अशोक के जीवनकाल से लेकर उनके साम्राज्य, अखंड भारत को लेकर किए गए कार्यो की जानकारी दी। रविकांत रावल ने बताया कि सम्राट अशोक वीर परा मी एवं ऐसे राजा थे। जिन्होंने अपने शासनकाल में भारत की सीमा ओर साम्राज्य का विस्तार किया। अमृत परिहार ने बताया कि देश में पानी पीने के लिए कई बावड़ियों का निर्माण करवाया। महिपाल राजपुरोहित ने कहा कि एक ऐसे राजा थे जिन्होंने कलिंग युद्ध के बाद में दया करुणा क भाव उत्पन्न होने के बाद में समाज की सेवा धर्म का प्रचार एवं आध्यात्मिक विचारों को अपना जीवन दिया। गणेश भाटी ने कहा कि आज के समय में भी महान सम्राट अशोक के चिन्ह् भारत में प्रचलित हैं। सेना का सबसे बड़ा सम्मान भी अशोक च हैं। अशोक चिह्न और अशोक च की मर्यादा भी आज का भारत देश रखता हैं। आज के समय में सम्राट अशोक के जीवन से प्रेरणा लेना एवं उनके आदर्श पर चलने को संकल्प भारत का युवा ले रहा हैं। छगन सैन, महेन्द्र माली व विजेंद्र परिहार ने भी कार्यं म को संबोधित किया। बैठक में आने वाले समय में सम्राट अशोक की जयंती को निरन्तर मनाने क संकल्प लिया गया। सम्राट के नाम से चौराहा बनाने की नगर पालिका से मांग भी करने का निर्णय लिया गया। कार्यं म में महेश राठी, सुरेश राजपुरोहित, माली समाज अध्यक्ष खीमाराम देवड़ा, मनोहर देवड़ा, मंसाराम कच्छवाहा, माणकलाल, भरत माली, छगन परिहार, कन्हैयालाल मेघवाल, देवाराम मीणा, सुरेन्द्र राजपुरोहित, इंदर राव, प्रवीण लुहार, जेक्की देवड़ा, बाबूलाल सैन, जगदीश सैन, नरेश जीनगर, विजयराज परिहार आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती चोरियों से लोग परेशान

## पुलिस की निष्क्रियता से लोगों में रोष व्याप्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे में बीतीं रात अज्ञात चोर तीन अलग-अलग कृषि कुओं से लोहे की तारबंदी, पानी के मोटर की केबल व 8 बकरे-बकरियां एक बोलोरो केपंर में डालकर चुरा ले गए। पीड़ित काश्तकार सांडेराव निवासी भबूतसिंह राजपुरोहित, शैतानसिंह राजपुरोहित ने अलग-अलग रिपोर्ट देकर बताया कि भूत मगरी रोड पर नदी किनारे उनका कृषि कुंआ है। जहां से चोर दोनों कृषि कुओं से पानी की मोटर से जुड़ी बिजली कनेक्शन की केबल काट कर चुरा ले गए। इसी तरह हीराराम भील ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके कृषि कुएं से आठ बकरे व बकरियां एक अज्ञात बोलोरो केंपर चालक अपनी केंपर में डालकर कर फालना की ओर लेकर भाग गया। तीनों पीड़ितों के अनुसार तीनों अलग अलग रिपोर्ट दर्ज करवाने थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

## पृष्ठ 1 का शेष....

### पीएम मोदी ने....

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था और उनके पहला विदेशी मेहमान बनने का सौभाग्य मुझे मिला। यह हमारे विदेशी संबंधों की गहराई का प्रतीक है।कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संयुक्त रूप से सामपुर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया।

सामपुर एक 120 मेगावाट (50 मेगावाट प्रथम चरण + 70 मेगावाट दूसरा चरण) का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट है, जो श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली जिले में स्थित है। भारत की नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन और श्रीलंका की सेलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड मिलकर इसे डेवलप कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का मकसद श्रीलंका की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

19 साल से काम रुका हुआ था: सामपुर श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में स्थित है, जो लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शामिल था। 2006 तक सामपुर लिट्टे के नियंत्रण में था। जब श्रीलंकाई सेना ने सैन्य कार्रवाई कर इसे वापस लिया तो कई तमिल परिवार विस्थापित हुए और विवाद शुरू हुआ कि उस जमीन का उपयोग कैसे किया जाए। पहले भारत और श्रीलंका ने मिलकर यहां कोयला आधारित बिजली परियोजना लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन तमिल संगठनों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह जमीन विस्थापित तमिल परिवारों की है और यहां उन्हें वापस बसाया जाना चाहिए।

### सीएम भजनलाल शर्मा बोले...

भारतीय कपड़ा आयात पर लगभग 27 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ अमेरिका द्वारा लगाया गया है जो इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी देशों जैसे बांग्लादेश (37 प्रतिशत), वियतनाम (46 प्रतिशत), कंबोडिया(49 प्रतिशत), पाकिस्तान (29 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) की तुलना में कम है। राजस्थान देश का चौथा सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है औरयहां भीलवाड़ा, जयपुर, पाली एवं बालोतरा जैसे टेक्सटाइल हब के वस्त्रनिर्माताओं के लिए लंबी अवधि में यह स्थिति अमेरिका को वस्त्र निर्यात बढ़ाने के लिए अनुकूल साबित हो सकती है। राजस्थान में टेक्सटाइल और गारमेंट क्षेत्र से जुड़े कुशल कार्यबल की भी पर्याप्त उपलब्धता है। इस परिदृश्य में प्रदेश में लागू की गई टेक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी-2025 उद्यमियों एवं निर्यातकों के लिए सोने पर सुहागा साबित होगी। इस नीति का उद्देश्य आधुनिक अवसंरचना एवं तकनीकी उन्नयन के माध्यम से टेक्सटाइल वैल्यू चेन को मजबूती देना है। नीति के अंतर्गत समावेशी विकास पर विशेष ध्यान देते हुए इस क्षेत्र में 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश तथा 2 लाख रोजगार के सृजन पर भी जोर दिया गया है। इस नीति के माध्यम से 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के साथ ही, नई व विस्तारित हो रही परिधान निर्माण इकाइयों को सहायता दी जाएगी। यह नीति प्रदेश में टेक्सटाइल एण्ड अपैरल क्षेत्र के सतत् व समग्र विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार, उत्पादकता और निर्यात को बढ़ावा देगी। वहीं दूसरी ओर इससे वैश्विक स्तर पर स्थानीय वस्त्र उत्पादकों की दक्षता और विश्वसनीयता में वृद्धि के साथ ही, प्रदेश में परिधान (अपैरल) उद्योग के एक नये दौर की शुरूआत होगी।



# नजर को रखें सहेज कर



**कम्प्यूटर,** मोबाइल युग में प्राय: सभी को चश्मा जल्दी लग जाता है जो व्यक्तित्व को बिगाड़ता है और चेहरे को एक्स्ट्रा बोझ उठाना पड़ता है। जहां भी जाओ, उसका साथ होना जरूरी होता है नहीं तो आप अच्छी प्रकार से देख ही नहीं सकते। अगर बचपन से नजर को बेहतर बनाने हेतु सावधानी बरती जाये तो अधिक देर तक आप प्रकृति द्वारा दी गयी नजर का पूर्ण आनन्द ले सकते हैं।

## आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार

* खाने में दूध, गाजर, आंवला, पपीता, संतरा और अंकुरित अनाज का नियमित सेवन बचपन करें।
* मां को चाहिए अपने शिशु को अधिक समय तक स्तनपान करवाएं।
* खाना खाने के बाद आधी चम्मच भुनी सौंफ और मिश्री को चबाकर खाने से आंखों की कई परेशानियां नहीं होती।
* एक बूंद शुध्द शहद में एक बूंद प्याज का रस मिलाकर सोने से पहले आंखों में काजल की तरह लगाएं।
* खाने के बाद गीले हाथों को दोनों आंखें पर फेरें।
* सप्ताह में दो बार पैरों के तलुए और सिर के बीचोंबीच तेल मालिश करने से रोशनी बढ़ती है।
* एक चम्मच गाय का घी, आधा चम्मच शक्कर और दो पिसी काली मिर्च की चूर्ण मिलाकर प्रात: खाली पेट लें। रोशनी बढ़ाने का अच्छा नुस्खा है।
* वैसे आयुर्वेद में कुछ दवाएं भी हैं जिनसे आंखों के बढ़ते चश्मे के नम्बर को रोका जा सकता है। डाक्टर की सलाह के अनुसार चलें।
* बच्चों को छह साल की उम्र के बाद योग सिखाया जा सकता है। आंखों की सूक्ष्म क्रियाएं आप उससे भी पहले करवा सकते हैं।
* त्रिफला चूर्ण को रात्रि में भिगोकर रखें। प्रात: उसके जल को छानकर पिएं और उसी जल से आंखें धोएं।
* शुध्द शहद या गुलाब अर्क नियमित आंखों में डालने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।
* कुछ आसन हैं जो आंखों की रोशनी बढ़ाते हैं जैसे सर्वांगासन, मत्यासन, पश्चिमोत्तान आसन, शंशाकासन, सुप्त वज्रासन आदि इनका अभ्यास नियमित करें।

## कांटेक्ट लेंस का प्रयोग करें

* अगर चश्मा लग गया है और आप उसे पहनना नहीं चाहते तो कांटेक्ट लेंस लगवा सकते हैं। ये आंख की पुतली पर आसानी से फिट हो जाते हैं।
* प्रारम्भ में लेंस लगाने में थोड़ी दिक्कत आती है। फिर अभ्यस्त होने पर पता ही नहीं चलता।
* लेंसों को बाहरी इंफेक्शन से बचाकर रखना अति आवश्यक है जैसे धूल मिट्टी, आंसुओं से और तेज धूप से। लेंस पहनकर बाहर निकलने पर धूम का चश्मा लगाकर इसकी हिफाजत कर सकते हैं।
* जिन लोगों की आंखें ड्राई रहती हैं या सेंसिटिव हैं या कोई भी एलर्जी हो उन्हें लेंस नहीं पहनने की सलाह डाक्टर देते हैं।
* बच्चों को अक्सर लेंस पहनने की सलाह नहीं दी जाती, क्योंकि बढ़ती उम्र और कद के साथ नम्बर भी बदलता रहता है और बच्चे उनका प्रॉपर ध्यान भी नहीं रख सकते।
* स्विमिंग करने से पूर्व लेंस उतारने चाहिए। मेकअप करते और उतारते समय लेंस पहने रहने चाहिए या नहीं इस विषय में डाक्टर से मशवरा कर लें।
* कभी-कभी लेंस आंख में अपने स्थान से हट जाता है। ऐसे में आंख बंद कर पुतली को इधर-उधर धुमाएं। अपने आप लेंस सही जगह परआ जाता है।
* हाथों को साफ कर लेंस लगाएं और निकालें।
* लेंस लगाने वालों को चश्मा भी अपने साथ अवश्य रखना चाहिए।

# कब और कितना करें वर्कआउट?

**वजन** कम करने और हेल्दी रहने के लिए आप वर्कआउट करते हैं, लेकिन अक्सर लोगों को वर्कआउट कब और कितना करना है इसकी जानकारी नहीं होती है। इसके चलते उन्हें वर्कआउट करने पर भी उसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता है। आइए जानते हैं कि वर्कआउट से जुड़ी इन्हीं छोटी-छोटी बातों के बारे में...

### कितना वर्कआउट करें

चाहे महिला हो या पुरूष, औसतन किसी भी व्यक्ति को एक घंटे तक व्यायाम करना चाहिए। योगा, एरोबिक या कार्डियो किसी भी तरह की एक्सरसाइज उम्र और वजन के हिसाब से तय की जाती है।

### डिनर के बाद वॉकिंग

डिनर के बाद तेज रफ्तार से वॉकिंग के बजाय टहलना फायदेमंद है। सोने से दो घंटा पहले खाना खा ले।

### हफ्ते में कितने दिन

फील्ड जॉब में 4 दिन और डेस्क जॉब वालों को हफ्ते मे 5 दिन वर्कआउट करना चाहिए। दो दिन मांसपेशियों को आराम दें।

### स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के फायदे

इससे शरीर की लचक बढ़ती है, लेकिन कैलोरी बर्न नहीं होती।

### वॉर्मअप जरूरी क्यों

योगा को छोड़कर किसी भी तरह की एक्सरसाइज करने से पहले शरीर को वॉर्मअप करना जरूरी है। इससे शरीर में रक्तसंचार बढ़ाने में मदद मिलती है। एक्सरसाइज के बाद शरीर को ठंडा करना यानी कूलिंग भी जरूरी है। इससे ह्वदय की धड़कन सामान्य होती है।

### जॉगिंग के जूते

जूते खरीदते समय ध्यान रहे कि उनके सोल बहुत ऊंचे न हो। जूतों में लचक हो और वे थोड़े हवादार हों।

### कपड़ों का चुनाव

कपड़े ढीले और सूती हों। टाइट फिटिंग के कपड़े व्यायाम के दौरान शरीर के रक्त संचार को रोकते हैं।

# डाइटिंग से एकसाथ ज्यादा वजन न घटाएं

अक्सर स्लिम-ट्रिम बॉडी के लिए लोग डाइटिंग का फंडा आजमाते हैं, लेकिन इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं रखते। आइए जानते हैं इनके बारे में।

1. हमेशा भरपूर नींद लें। कई बार नींद की वजह से थकावट का एहसास होता है।
2. कम से कम एक दिन में भोजन से 1200 कैलोरी जरूर लें।
3. कभी भी एक सप्ताह में 1 किलो से अधिक वजन कम करने की कोशिश नहीं करें वर्ना वजन कम करने का असर चेहरे पर दिखने लगेगा।



4. खाने से पहले हमेशा पानी पिएं इससे आप भूख से ज्यादा खाने से बच जाएंगे।
5. खाना स्किप न करें क्योंकि भूखे होने पर खाने का जो भी विकल्प मिलता है हम उस पर टूट पड़ते हैं।
6. कई शोधों में पाया गया कि जो लोग सिर्फ फल व कच्ची सब्जियों पर आश्रित हो जाते हैं, उनके शरीर में विटामिन बी-12 की कमी और बोन डेंसिटी भी कम हो जाती है।
7. रोजाना खाने में प्रोटीन शामिल करें। इसे पचने में समय लगता है जिससे पेट भरा रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती।
8. टोस्ट को हल्का ठंडा करने के बाद उस पर बटर लगाएं इससे वह कम वसा सोखेगा।

# पीठ-दर्द सामान्य रोग नहीं



**आज** भागदौड़ की जिन्दगी में इंसान इतना बेहाल हुआ रहता है कि उसे अपने शरीर की सुध ही नहीं रहती।

वह कई खतरनाक रोगों को सामान्य समझकर खुद ही उनका इलाज करता रहता है और निरंतर कार्यों में लीन रहता है मगर जब रोग हद से गुजर जाता है तो आखिर उसे चिकित्सक के पास जाना ही पड़ता है। अधिकतर महिलाएं व पुरुष पीठदर्द के रोग से पीड़ित होते हैं। काम की अधिकता, परेशानी, तनाव आदि ऐसे कारण हैं जो इसरोग को बढ़ावा देते हैं।

पीठदर्द को दूर करने के लिए कुछ व्यायाम भी उपयोगी सिध्द हो सकते है मगर कोई भी व्यायाम करने से पहले चिकित्सक की परामर्श आवश्यक है वर्ना आपका पीठदर्द घटने की बजाय बढ़ सकता है। पीठ दर्द को कम करने के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है-

- भारी सामान उठाते समय उसे खींचने की बजाय धकेलना अधिक श्रेयस्कर है।
- लगातार बैठकर कार्य करने से पीठदर्द बढ़ सकता है अत: एक घंटे से अधिक बैठना पड़े तो बीच-बीच में उठ जाएं।
- बैठने के लिए पीठ वाली कुर्सी का ही इस्तेमाल करें।
- यहां तक हो सके, रूई की गद्दियों व बिस्तार का ही प्रयोग करें। फोम की नद्दियों से पीठदर्द बढ़ने की संभावना अधिक होती है।
- शरीर का भार संतुलित रखें। शरीर के अधिक वजन से रीढ़ की हड्डी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- कोई चीज उठाने के लिए नीचे की ओर अधिक न झुकें, न ही पीठ के बल घूमें।
- तनावग्रस्त न रहें।
- पीठदर्द की दवाएं लेने से पहले किसी अच्छे चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है।
- योग्य डाक्टर के परामर्श से किया गया व्यायाम पीठदर्द से मुक्ति का सबसे अच्छा उपाय है।
- कई लोगों के ख्याल में जमीन पर सोने से पीठदर्द ठीक हो सकता है मगर यह सरासर गलत सोच है। यह पीठदर्द को खुला निमंत्रण है।
- कम्प्यूटर पर कार्य करते समय गर्दन को आगे या पीछे की ओर न झुकाएं।

इससे पीठ पर तनाव आ जायेगा।

# बस लिख डालें एक खत... लिखने में जुड़ाव है

वैसे तो अंगुलियां घुमा कर या टाइप करके शब्द बनाने को भी लिखना कह दिया जाता है पर यहां पेन-पेंसिल से लिखने की बात हो रही है। लिख कर भावनाएं व्यक्त करने में कुछ खास बात होती है। लिख कर देने में जो जुड़ाव, अपनापन महसूस होता है, वह एसएमएस, मेल या फेसबुक, व्हाट्सएप के माध्यम से इजहार में नहीं होता।

**वैसे** तो अंगुलियां घुमा कर या टाइप करके शब्द बनाने को भी लिखना कह दिया जाता है पर यहां पेन-पेंसिल से लिखने की बात हो रही है। लिख कर भावनाएं व्यक्त करने में कुछ खास बात होती है। लिख कर देने में जो जुड़ाव, अपनापन महसूस होता है, वह एसएमएस, मेल या फेसबुक, व्हाट्सएप के माध्यम से इजहार में नहीं होता। लिखने में एक शब्द लगातार लिखा जाता है, कलम की नोंक भले ही उठ-उठ कर चले पर शब्द तो पूरा ही लिख जाता है, शब्द बीच में तोड़े नहीं जाते।

कलम की नोंक(पॉइन्ट) लिखने में एकाग्रता लाती है, अंगुलियों में यह नोंक नहीं होती। स्क्रीन पर शब्द बनाते या चुनते समय अंगुलियां कहीं और होती हैं, देखना कहीं और होता है वहीं, लिखने में कागज-कलम की नोंक, बनने वाला शब्द, नजर, मन सब एक ही बिंदू पर होते हैं, सब में एक संगति होती है।

हाथ से लिखी हुई प्रेम की अभिव्यक्ति को समेटने वाले कागज को, तह कर के जेब में, तकिए के नीचे, सिरहाने कहीं भी रखा जा सकता है। प्रीत की इस पाती को आंखों पर रख कर महसूस किया जा सकता है, इसमें धड़कनों के स्पन्दन का अहसास भी किया जा सकता है। स्क्रीन को इस पाती की तरह महसूस करना संभव नहीं। स्क्रीन ऑब्जेक्ट की तरह होती है, जबकि प्रेम की पाती खुद में ही अनुभूति होती है, जैसे ह्वदय का ही अंश हो।

### सृजन होता है

प्यार भरी भावनाओं को, इजहार के लिए जिन भी शब्दों में बांधा जाना है, लिखने में उन्हें खुद ही उपजाना, बनाना होता है। शब्द सोचने होते हैं, वाक्य रचने होते हैं। इस अभिव्यक्ति का प्रस्फुटन भावनाओं की ऊष्मा से होता है, लिखने वाले का मन सृजन करता है। यहां तक कि अगर किसी कविता या शायरी के अंश भी लिखे जाते हैं तो सोचना पड़ता है, खोजना पड़ता है, चुनना पड़ता है, उसे अपने लिखे हुए में सही जगह पर बुनना पड़ता है।

### सिर्फ एक के लिए

प्रेमाभिव्यक्ति जब लिख कर की जाती है तो प्यार की अनुभूति का वास्तविक स्तर मालूम पड़ता है। इस अनुभूति के उच्च स्तर की वजह से लिखने वाले के मन में बस वही होता है, जिसके लिए लिखा जा रहा है।

### भरोसा और असर

ई-मेल, एसएमएस, पिक्चर्स, क्लिप शेयरिंग से बात कहना आसान है। इतना आसान, इतना सुलभ, इतना त्वरित कि भावनाओं की गहराई की जरूरत ही नहीं। बस हल्का खयाल आया और जाहिर कर दिया।

खयाल में गहराई है या नहीं, पता नहीं, जाहिर पहले करना है। प्यार की भावना जितनी गहरी होगी, सतह पर आने में उतनी ऊर्जा उसे लगानी पडेगी। इन दिनों सब जल्दी में हैं फास्टेस्ट और एक्सपोजर के दौर से प्रेम की अभिव्यक्ति भी अछूती नहीं, उस पर फ्शो ऑफफ् की बढ़ती संस्कृति।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले- अब हर तीन महीने में लगेंगे रोजगार मेले

## कहा- अलग-अलग विभागों में एक जैसे पदों पर अब एक साथ होगा एग्जाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में अब अलग-अलग विभागों में एक जैसे पदों पर एक समय पर ही भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश में लंबित और भविष्य में आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर समीक्षा बैठक में यह फैसला किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने लंबित चल रही भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित वक्त पर पूरा करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सवा साल में ही 5 रोजगार मेलों का आयोजन कर अब तक 6 7 हजार से अधिक पदों पर



नियुक्तियां दे चुकी है। वहीं अब भविष्य में हर तीन महीने में ऐसे मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति दी जाएगी।

### एक्स्ट्रा कर्मचारी लगा जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया

शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में प्रक्रिया दिन और लंबित भारतीयों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि फिलहाल प्रदेश में अलग-अलग विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है। जिन्हें लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती विज्ञापन जारी करने, परीक्षा आयोजित करने, परिणाम घोषित करने के साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कर एस्ट्रा संसाधन और कर्मचारियों को लगाकर युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की जाए।

### » कोर्ट में लंबित 9,800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ी

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से कोर्ट में लंबित लगभग 9 हजार 8 00 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी करवाकर आगे बढ़ाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोर्ट में लंबित अन्य भर्ती प्रकरणों का भी नियमों के तहत परीक्षण करवाकर उनका जल्द निस्तारण करवाया जाए। जिससे प्रदेश के युवाओं के रोजगार का इंतजार जल्द से जल्द खत्म हो सके।

### » भविष्य को ध्यान में रखकर करें भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आने वाले सालों की आवश्यकता और भविष्य में खाली होने वाले पदों को ध्यान में रखकर भर्तियां आयोजित करें। उन्होंने इन भर्तियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए सभी विभागों को मिशन मोड पर काम करने के आदेश दिए।

### » समय पर आयोजित हो भर्ती परीक्षाएं

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि जनता का अपने जनप्रतिनिधियों पर विश्वास मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हमारे संकल्प पत्र में की गई सभी घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने यहां रिक्त पदों पर समयबद्ध रूप से भर्ती करें। उन्होंने कहा कि एक जैसे पदों के लिए अलग - अलग विभागों में अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं का आयोजन होने से ज्यादा समय, संसाधन और मेहनत लगती है। इसे देखते हुए समान पदों के लिए समान पात्रता लागू करने के लिए नियमों में एकरूपता लाई जाए। इसके साथ उन्होंने नवगठित जिलों में भी पद सृजित कर जल्द से जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए। बैठक में बड़ी भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों की कमी की समस्या को दूर करने के लिए अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केन्द्र में परिवर्तित करने के निर्देश दिए।

# गहलोत राज में बने छह जिलों को कांग्रेस ने भी नकारा

## सीएम भजनलाल सरकार ने जो नौ जिले खत्म किए, उसमें छह को संगठन का जिला नहीं बनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कांग्रेस ने संगठन के जिलों की संख्या 39 से बढ़ाकर 50 करने का फैसला किया है। हाईकमान ने भी इसे मंजूरी दे दी है। अब 50 जिला कांग्रेस कमेटियां बनेंगी। राजस्थान में नए जिले बनने के बाद कांग्रेस ने भी संगठन के नए जिलों में बदलाव किए हैं। कुछ जिलों के टुकड़े किए हैं।

गहलोत राज के 17 जिलों में से जिन 8 जिलों को भजनलाल सरकार ने बरकरार रखा था, उन सबको कांग्रेस ने संगठन का जिला बनाया है। वहीं, गहलोत राज के जिन 9 जिलों को खत्म किया गया था, उनमें से 6 जिलों को कांग्रेस ने भी संगठन का जिला नहीं बनाया है। गहलोत राज के खत्म किए गए नए जिलों में कांग्रेस संगठन ने केवल नीमकाथाना, जोधपुर ग्रामीण, जयपुर ग्रामीण को ही बरकरार रखा है। जयपुर ग्रामीण को दो भागों में बांटा है। कांग्रेस संगठन ने भी दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, गंगापुरसिटी, अनूपगढ़, सांचौर को संगठन का जिला नहीं बनाया है। भजनलाल सरकार ने इन जिलों को खत्म कर दिया था।

मौजूदा सरकार ने गहलोत राज के बनाए 17 में से 8 जिलों को बरकरार रखा था। इन 8 जिलों को कांग्रेस संगठन ने भी बरकरार रखा। इनमें बालोतरा, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, डीग, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, फलोदी, सलूंबर को कांग्रेस ने नया संगठन जिला बनाने को मंजूरी दी है।

### जयपुर ग्रामीण को पूर्व और पश्चिम दो जिलों में बांटा

जयपुर में पहले ग्रामीण और शहर जिले थे। अब दो भागों में बांटकर जयपुर ग्रामीण पूर्व और जयपुर ग्रामीण पश्चिम के नाम से संगठन के जिले बनाए गए हैं। नीमकाथाना को भी संगठन का जिला बनाया है।

### भीलवाड़ा में शहर और ग्रामीण दो जिले

कांग्रेस ने भीलवाड़ा को दो जिलों में बांट दिया है। पहले अकेला भीलवाड़ा ही संगठन का जिला था। अब भीलवाड़ा शहर और भीलवाड़ा ग्रामीण अलग-अलग जिले होंगे।

## एमपी के सीहोर में बड़ा हादसा

# शिवराज सिंह चौहान के काफिले का वाहन पलटा तीन पुलिसकर्मी घायल



**सीहोर।** मध्य प्रदेश में सीहोर के पास केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा आष्टा थाना क्षेत्र के ग्राम बेदाखेड़ी के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को भोपाल से देवास जिले के खातेगांव संदलपुर जा रहे थे। उनका काफिला जैसे ही ग्राम बेदाखेड़ी के पास पहुंचा, तभी काफिले में शामिल पुलिस की फॉलो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में वाहन में सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

जिला अस्पताल में चल रहा इलाजः घायल पुलिसकर्मियों की पहचान एएसआई एसपी सिमोलिया, नीरज शुक्ला और आकाश अटल के रूप में हुई है। इन सभी को सीहोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज किया जा रहा है। शनिवार को रायसेन में भी एक सड़क हादसा हुआ। यहां खंडेरा माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे पैदल श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादस में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

## उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में...

# झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक किया चिन्हीकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर में दायर रिट याचिका संख्या 17971/2022 में उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुये 200 फीट बाईपास तक रोड़ की चौडाई जोनल डवलपमेन्ट प्लान के अनुसार किए जाने के संबंध में जेडीसी आनंदी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में चिन्हीकरण हेतु पांच टीमों का गठन किया गया। गठित प्रत्येक टीम में उपायुक्त, ए.टी.पी., तहसीलदार, इंजीनियर व प्रवर्तन अधिकारी को रखा गया था। शनिवार 5 अप्रैल, 2025 को टीम उपायुक्त के नेतृत्व में उक्त गठित टीमों द्वारा मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन व उपनियंत्रक प्रवर्तन तृतीय की मौजूदगी में जोनल डवलपमेन्ट प्लान के अनुसार झारखण्ड मोड से खातीपुरा तिराहा होते हुये 200 फीट बाईपास तक चिन्हीकरण की कार्यवाही की गई। मौके पर मौजूद स्थानीय व्यापारियों एवं निवास कर रहे लोगों को जेडीए द्वारा गठित टीमों व स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा समझाईश की जाकर अवैध अतिक्रमणों को 9 अप्रैल, 2025 से पूर्व हटाने हेतु अपील की गई। उक्त किये गये अवैध अतिक्रमणों को 9 अप्रैल, 2025 को जेडीए द्वारा हटाया जायेगा।

# जेडीए का फर्जी पट्टा बना 4 करोड़ में प्लाट बेचा

## कर्जा उतारने के लिए चली चाल, गैंग बनाकर रुपयों का कर लिया बंटवारा



**जयपुर।** जयपुर में जेडीए का फर्जी पट्टा बनाकर 4 करोड़ रुपए में प्लाट बेचने वाली गैंग का श्याम नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने फेक डॉक्यूमेंट से प्लाट बेचने वाले गैंग के तीन आरोपियों को अरेस्ट किया है। पूछताछ में कर्जा उतारने के लिए जालसाजी कर प्लाट बेचकर आए रुपयों का आपस में बटवारा करना स्वीकार किया है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अंशुल खन्ना (35) पुत्र भारत भूषण खन्ना निवासी ई-ब्लॉक वैशाली नगर, रिषभ देव शर्मा (35) पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी साकेत कॉलोनी हिण्डौन सिटी करौली और राकेश कुमार सैनी (27) पुत्र हरदेव सैनी निवासी बासदयाल अलवर को अरेस्ट किया है। सितम्बर-2024 में गोविन्द नारायण परतानी ने श्याम नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने अपनी पत्नी श्यामा देवी के नाम से साल-1981 में एक प्लाट विवेक विहार में खरीदा था। साल-2021 में जेडीए का शिविर लगने पर लीज रकम जमा करवाकर पत्नी के नाम जेडीए पट्टा ले लिया था। प्लाट की बाउंड्रीवाल बनाकर गेट व ताला लगाकर स्वामित्व में ले रखा है। रिश्तेदार ने कॉल कर बताया कि उनके प्लाट के फेक पेपर मार्केट में आए है। जिसमें उनकी पत्नी की जगह श्यामा परतानी नाम से आदमी का रजिस्टर्ड पट्टा, साइट प्लान व मुख्त्यारनामा आदि भी है। उसके साथ मिले मोबाइल नंबर पर कॉल करने वाला खुद का नाम विक्रम सिंह बता रहा है। प्लाट बेचने वाले के संबंध में पूछने पर प्रॉपर्टी डीलर का पता नहीं बताया।

**जांच में खुली पोलः-** एसएचओ दलबीर सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच की गई। जांच में सामने आया है कि विवेक विहार का मुख्त्यारनामा पंजीयन ऑफिस-5 में रजिस्टर्ड ही नहीं है। प्लाट का ओरिजिनल पट्टे से बनाए गए फेक पट्टे में महिला की जगह आदमी की फोटो लगाई गई है। फेक मुख्त्यारनामा धारक अंशुल खन्ना और गवाह राकेश कुमार सैनी व रिषभ शर्मा है। पुलिस टीम ने शुक्रवार रात दबिश देकर तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया।

# जयपुर में बिना-मान्यता चल रहे मदरसों की जांच होः बालमुकुंद आचार्य



**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बिना सरकारी मान्यता के चल रहे मदरसों की जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जयपुर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की अपील की है। विधायक बालमुकुंद आचार्य को हवामहल क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने शिकायत दी है कि जलमहल के सामने जेपी कॉलोनी टोंक वालों की बस्ती स्थित 'मदरसा नूर उल इस्लाम' में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। साथ ही मौलाना मुफ्ती सलीम पुत्र रईस पर लड़की को बहला फुसलाकर फर्जी निकाह के जरिए जबरन अपहरण करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक इस मदरसे का न तो राज्य सरकार से पंजीकरण है। न ही किसी अन्य मान्यता प्राप्त संस्था से पंजीकृत है।

बालमुकुंदाचार्य ने कहा मदरसों में कोई चेकिंग नहीं होती है। सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। इसलिए इनकी जांच होना जरूरी है। हमारे पास लंबे समय से इनकी शिकायतें आ रही हैं। अभी जो मामला आया है, उसमें एक 47 साल के मौलाना ने 22-23 साल की युवती निकाह कर फर्जी सर्टिफिकेट बनवा लिया। इसके बाद वह शिकायत करने पर परिजनों को धमकी भी दे रहा है।

**पूर्व में भी मिल चुकी हैं गंभीर शिकायतेंः-** स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस मदरसे में पहले भी गरीब बच्चियों के साथ अनैतिक कार्य किए जाते हैं। कुछ लोग फर्जी पहचान पत्र बना शहर में रह रहे हैं। जो खाड़ी देशों से चंदा और हवाला के जरिए पैसे प्राप्त कर देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होते हैं। विधायक ने पुलिस अधिकारियों को मामले में स्वहृक्र दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। अब इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर नजर टिकी हुई है।

# राज्यपाल से जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयो पर चर्चा की। राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक महिला गिरफ्तार

## भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने 5.75 ग्राम अवैध स्मैक किया बरामद



**जयपुर।** जयपुर के भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी में शामिल एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला तस्कर के पास से 5.75 ग्राम अवैध स्मैक रिकवर की है। पुलिस ने समीना (40) पत्नी आलम निवासी श्रीराम टीला कच्ची बस्ती राजीव नगर भट्टाबस्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस महिला तस्कर से स्मैक के सोर्स को लेकर पूछताछ कर रही है। भट्टा बस्ती थाना सीआई मुकेश कुमार ने बताया वह और उनकी टीम 4 अप्रैल को इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की इलाके में एक महिला स्मैक बेच रही है। जानकारी मिलने पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। महिला को डिटेन कर पूछताछ की गई। महिला के घर की तलाशी के दौरान उसके घर से 5.75 ग्राम स्मैक रिकवर हुई।

**पूर्व में भी स्मैक बेचने की शिकायतें मिलती रहीं:-** महिला ने पूछताछ में स्मैक बेचने के लिए रखने की बात को स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी समीना को गिरफ्तार किया गया। महिला से पूछताछ की जा रही है कि वह इस स्मैक को कहां से लेकर आई थी। किन को वह यह स्मैक बेचती हैं। महिला के खिलाफ पूर्व में भी स्मैक बेचने की शिकायतें मिलती रही हैं।

जयपुर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पूरे कमिश्नरेट में अवैध नशे को बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं। जयपुर पुलिस संदिग्ध लोगों से निरंतर पूछताछ कर रही हैं। नशे की खेप बरामद होने पर नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने ली इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ

**प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर आए जज यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश के चैंबर में उन्हें शपथ दिलाई गई। हालांकि उन्हें अभी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती, उन्हें न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है। शपथ के बाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में उनका नाम भी शामिल हो गया है। सूची में जस्टिस वर्मा का नाम 8 वें नंबर पर है। आमतौर पर जहां जजों की शपथ सार्वजनिक समारोह में होती है, वहीं जस्टिस वर्मा ने सीजेआई की इजाजत से अपने चैंबर में ही शपथ ली।

### » वकीलों ने शपथ ग्रहण पर जताई नाराजगी

उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट की बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जस्टिस यशवंत वर्मा के शपथ ग्रहण का विरोध किया। एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय की तरफ से लिखे इस पत्र में कहा गया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को शपथ ग्रहण कराने से पहले बार एसोसिएशन को बताया नहीं गया। यहां तक कि हाईकोर्ट के ज्यादातर जजों को भी शपथ ग्रहण की सूचना नहीं दी गई। इस तरह का शपथ ग्रहण अस्वीकार है। बार एसोसिएशन इसकी निंदा करता है। चीफ जस्टिस इलाहाबाद हाईकोर्ट से मांग की गई कि जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य न सौंपें। आज के इस पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कानून मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री और लखनऊ बेंच के सभी न्यायाधीश को भेजी गई है।

# कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने वंदेभारत ट्रेन में एक महिला की जान बचाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयास के चलते शनिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला की जान बच गई। इस दौरान महिला की तबीयत बिगड़ने पर केंद्रीय मंत्री ने मानवता दिखाते हुए तत्काल एक्शन लिया। इस दौरान चौधरी ने खुद मौके पर मौजूद रहकर महिला को तुरंत चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराई। इसके चलते महिला की जान बच पाई। इधर, मंत्री के इस प्रयास को लेकर ट्रेन में सफर कर रहे लोगों ने काफी तारीफ की। दरअसल, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी शनिवार को वंदे भारत ट्रेन से अजमेर लौट रहे थे। इस बीच उसी ट्रेन में जापान से लौट रहा एक प्रतिनिधिमंडल भी सफर कर रहा था। प्रतिनिधि मंडल में शामिल एक महिला संगीता झावर की अचानक तबीयत खराब हो गई। महिला की सांसे उखड़ने लगी। इस मामले की जब केंद्रीय मंत्री को जानकारी मिली, तो वह तत्काल मौके पर पहुंच गए और उन्होंने रेलवे मेडिकल स्टाफ को बुलाकर महिला का इलाज करवाया। इस दौरान उचित समय पर इलाज मिलने से महिला संगीता की जान बच गई।

### मंत्री की मानवता को देखकर यात्रियों ने तारीफ की

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करते समय केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने जो मानवता दिखाई, उसके लिए ट्रेन में सवार लोग काफी तारीफ करते नजर आए। इधर, चिकित्सकों का कहना है कि महिला को सही समय पर इलाज मिल गया, नहीं तो उसकी हालत गंभीर हो सकती थी। इस दौरान मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौके पर ही मौजूद रहे। इसके बाद जब महिला के स्वास्थ्य में सुधार हुआ, तो उन्होंने महिला से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर उनके हाल चाल पूछे और उनके स्वस्थ होने की कामना की।

# खोए और चोरी हुए 22 मोबाइल फोन चौमूं पुलिस ने किए बरामद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** चौमूं थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खोए और चोरी हुए करीब 22 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को वापस लौटाया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। शर्मा ने बताया कि गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रेस करने के लिए भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल का इस्तेमाल किया गया। पीड़ित मोबाइल धारकों को इस पोर्टल पर अपना डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए गए। साइबर एक्सपर्ट कॉन्स्टेबल संजय कुमार ने पोर्टल पर मोबाइल एक्टिव होने की सूचना मिलने के बाद फोन को ट्रेस किया। डाटा विश्लेषण के बाद सभी मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला गया। पुलिस ने सभी मोबाइल मालिकों को थाने बुलाकर उनके फोन वापस सौंप दिए।

### गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में छाई खुशियां

# जैसलमेर : गोडावण पक्षी का परिवार बढ़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर चार खुशखबरी एक साथ आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के चार बच्चों ने जन्म लिया है। इससे पहले नौ मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। नए चूजों को चार मादा गोडावण ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी (डेजर्ट नेशनल पार्क) के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया- जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम सभी काफी उत्साहित है और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही हफ्ते में चार बच्चों का जन्म लेना एक सुखद संकेत है।



**▶▶ सेंटर में कुनबा बढ़कर 50 हुआ**

#### एक हफ्ते में चार गोडावण का जन्म

इस सफलता के पीछे चार मादा गोडावण अमन, टोनी, रीवा और शार्की है। सभी ने फरवरी-मार्च को अंडे दिए थे। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 28 मार्च को टोनी के अंडे से एक नन्हे चूजे ने जन्म लिया, वहीं तीन अन्य मादा गोडावण के अंडों से दो अप्रैल को तीन अन्य नन्हे मेहमान गोडावण ने जन्म लिया। सभी को विशेष देखभाल में रखा गया है। पहले इसी महीने नौ मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं।

#### ▶▶ राजस्थान का राज्य पक्षी गोडावण

गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई एक मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है। गोडावण राजस्थान का राज्य पक्षी भी है। जैसलमेर के थार मरुस्थल में इनकी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। लेकिन हाई-टेंशन बिजली लाइनों और अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण इनकी आबादी तेजी से घट रही है।

#### ▶▶ जैसलमेर में 178 गोडावण

डीएफओ गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर में गोडावण की संख्या 178 है। जिसमें से 128 गोडावण तो फील्ड में घूम रहे हैं। वहीं 50 गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में हैं। जिनमें सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में 22 व रामदेवरा में 28 गोडावण है। जैसलमेर का डेजर्ट नेशनल पार्क गोडावण का सबसे संरक्षित इलाका माना जाता है। यहां पर 70 के करीब क्लोजर है, जिसके कारण यहां पर गोडावण के प्रजनन की अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं।

## प्रदेश में बाड़मेर सबसे गर्म

**▶▶ तापमान पहुंचा 42 .7 डिग्री**



**बाड़मेर।** बाड़मेर सहित पश्चिमी राजस्थान में अब सूरज की तपन लोगों को परेशान कर रही है। तापमान में तेजी हो रही बढ़ोतरी के कारण अब इसी वीक तक पारा 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। शुक्रवार को बाड़मेर प्रदेश में सबसे गर्म रहा है। दरअसल, अप्रैल की शुरुआत के साथ ही तापमान तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में आने वाले मई-जून की गर्मी का डर अभी से सताने लगा है। इन दिनों किसान रबी की फसल की कटाई कर चुके है और मंडियों तक ले जाकर बेचने में लगे हुए है। गर्मी के तीखे तेवर किसानों को परेशान कर रहे है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़कर 25 डिग्री पहुंच गया। सुबह सूरज की किरण निकलने के साथ गर्मी के साथ लू चल रही है। तेज धूप में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग घरों से बाहर निकलते वक्त मुंह व शरीर को ढक कर बाहर निकल रहे है। वहीं सूरज की किरणों से बचने के लिए छाता लेकर निकल रहे है। वहीं लोग पेय पदार्थ पीते नजर आए। वहीं नींबू और ज्यूस की दुकानों पर लोगों की आवाजाही ज्यादा है। मौसम विभाग ने बाड़मेर सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों में छह अप्रैल से हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया है। जो नौ अप्रैल तक चलने की संभावना जताई है।

# रामनवमी पर शोभायात्रा आज

**▶▶ यातायात व्यवस्था में बदलाव**

**▶▶ घंटाघर की तरफ किसी भी वाहन का आवागमन नहीं**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** शोभायात्रा को देखते हुए इसके रूट से जुड़े मार्गों की यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेगी। रामनवमी के पर्व की शोभायात्रा में धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक झांकियां एवं सुसज्जित अखाड़े आदि सम्मिलित होगें। इस शोभायात्रा के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी। शोभायात्रा के दौरान घंटाघर की तरफ किसी भी तरह के वाहनों को आवागमन की अनुमति नहीं होगी। इस तरफ केवल पैदल व्यक्ति ही आ-जा सकेंगे। रूट संख्या छह व 10 की सिटी बसों का आवागमन भी घंटाघर की ओर बंद रहेगा। शोभायात्रा के दौरान सिरे बाजार घंटाघर से आडा बाजार होते हुए जालोरी गेट तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

#### इन सड़कों पर रहेगा ट्रेफिक डायवर्जन

एडीसीपी चौधरी के अनुसार शोभायात्रा का अगला सिरा बालवाड़ी पहुंचने पर शनिश्चरजी का थान, पांचवी रोड की तरफ से आने वाले सभी तरह के वाहनों को पांचवी रोड, 12वीं रोड व रेजीडेंसी की तरफ डाइवर्ट किया जाएगा। इसी तरह, नई सड़क चौराहा से जालोरी गेट की तरफ जाने वाला यातायात पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, मेहता भवन, जलजोग होते हुए 12वीं रोड की तरफ संचालित होगा।

#### शोभायात्रा वाले वाहनों को अनुमति

शनिश्चरजी का थान से जालोरी गेट, एमजीएच से जालोरी गेट, ओलम्पिक तिराहा से जालोरी गेट व जालोरी गेट से गोल बिल्डिंग तक शोभायात्रा के सत्संग भवन पहुंचने तक शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले वाहन ही आ-जा सकेगें। हालांकि, इस दौरान गंभीर मरीजों के अस्पताल आवागमन पर पाबंदी नहीं रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर रेप

**▶▶ वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवक ने सोशल मीडिया के जरिए युवती से दोस्ती की थी। युवती के जोधपुर आने पर धोखे से उसे एक होटल में ले जाकर रेप किया। आरोपी ने उसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद ब्लैकमेल कर शोषण करता रहा। देवनगर थाना अधिकारी सोमकरण ने बताया- मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया- वह इलाज के लिए जोधपुर आई थी। तब युवक ने नजदीकियां बढ़ाई। 12वीं रोड चौराहे के पास स्थित नक्षत होटल में लेकर गया। उसके अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। 22 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक उसके साथ कई बार रेप किया।



## समदड़ी पुलिस ने मादक पदार्थ पकड़ा

**बालोतरा।** बालोतरा जिले में समदड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी सवार से 341 ग्राम गांजा और 50 ग्राम अफीम दूध बरामद किया है। समदड़ी थाना अधिकारी ओमप्रकाश के अनुसार, नाकाबंदी के दौरान एक युवक स्कूटी पर आता दिखा। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। आरोपी की पहचान आदर्श कॉलोनी समदड़ी निवासी गोपाराम पुत्र मोहनलाल घांची के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## जोधपुर : पेट्रोल टैंकर की ट्रक से टक्कर, ड्राइवर की मौत

**जोधपुर।** जोधपुर में पेट्रोल टैंकर और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। शव केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को निकालने की कोशिश कर रहे है। सड़क पर पेट्रोल बह गया। हादसा शनिवार दोपहर करीब तीन बजे धवा के पास हुआ। हादसे की सूचना पर झंवर थाना अधिकारी बंशीलाल के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल ट्रक चालक की बॉडी को निकालने का प्रयास किया जा रहे हैं। हादसे के बाद हाईवे से निकलने वाले वाहन चालक भी डर गए। सावधानी के तौर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर है। जानकारी अनुसार- टैंकर ड्राइवर जोधपुर से पेट्रोल लेकर बाड़मेर जा रहा था। धवा बस स्टैंड के पास अचानक टायर फटने से ट्रक से टक्कर हो गई। वहीं ट्रक पलटी खा गया।



## भारतीय डाक लिखी गाड़ी जब्त

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की पचपदरा पुलिस ने ऑपरेशन अनामिका के तहत कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट व भारतीय डाक लिखा एक गाड़ी को जब्त किया है। साथ ही उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि यह वाहन अवैध कारोबार में उपयोग में लिया जाता है। इसको लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर ही है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। पचपदरा थानाधिकारी अमराराम के अनुसार ऑपरेशन अनामिका के तहत 22 मार्च को बिना नंबरी व काले शीशे लगी वाहनों की चैकिंग के दौरान एक गाड़ी बोलेरो पिकअप जिसके आगे रजिस्ट्रेशन नंबर आरजे 14 जीएच 1008 लिखे हुए को रुकवाया गया। गाडी के पीछे की बॉडी पर केबिन बना हुआ था। जिस पर भारतीय डाक लिखा हुआ था। वाहन के संबंध में ड्राइवर दिनेश कुमार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गाडी को एमवीएक्ट के तहत जब्त कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि गाडी पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी व चैसिस नंबर के अंतिम अक्षर घिसे हुए पाए गए। आरोपी दिनेश कुमार वाहन पिकअप पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर लगाने व चैसिस नंबर घिसकर मिटाए गए।

## जैसलमेर में भाजपा का स्थापना दिवस आज : हिंगड़ा

**▶▶ पार्टी सप्ताह भर करेगी कार्यक्रम**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** केंद्र और प्रदेश में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी छह अप्रैल को देश-प्रदेश की भांति सीमावर्ती जैसलमेर जिले में अपना 46वां स्थापना दिवस मनाएगी। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने बताया- कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र की कच्ची बस्तियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जाना शामिल है। छह अप्रैल को जैसलमेर में आयोजित होने वाले रामनवमी के जुलूस में पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भागीदारी करेंगे।

#### मीसा बंदियों का करेंगे सम्मान

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान, हर घर प्रचार प्रसार के साथ पार्टी का झंडा लगाना, मीसा बंदियों का सम्मान के साथ सभी कार्यकर्ता रामनवमी शोभा यात्रा में भी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय पर पार्टी कार्यालय में झंडारोहण भी होगा। इस अवसर पर कार्यालय में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने पदाधिकारियों व मंडलों की बैठक लेकर स्थापना दिवस की रूपरेखा पर चर्चा की व मंडल अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी। इस दौरान जिलाध्यक्ष के साथ जिला महामंत्री सुशील व्यास व जिला मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा मौजूद रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हिम्मता राम चौधरी, शंभुदान भेलानी, स्वरूप सिंह, सभी मंडल पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जोधपुर : प्रेमी-प्रेमिका सरकारी टीचर, गिरफ्तार

**▶▶ पिता ने कराया खोपड़ी का डीएनए**

**▶▶ डेढ़ साल पहले हुई थी युवक की हत्या**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** युवक की हत्या और जमीन में दफन करने के आरोप में पुलिस ने सरकारी टीचर प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। देचू (फलोदी) पुलिस के अनुसार युवक की हत्या करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। डीएनए टेस्ट के आधार पर उसकी पहचान हुई थी। उसके बाद युवक के पिता ने आरोपियों के खिलाफ मर्डर का मुकदमा दर्ज कराया था। करीब एक महीने की जांच के बाद पुलिस ने तीन अप्रैल को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बालेसर कोर्ट ने दोनों को चार अप्रैल को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। एग्जाम देने की बात कहकर घर से निकला था देचू थानाधिकारी शिवराज सिंह के अनुसार- चूरू की इंद्रा कॉलोनी वार्ड नं. 47 निवासी जुगराज ढेंडरवाल पुत्र पूर्णमल वाल्मिकी की रिपोर्ट पर 29 फरवरी 2024 को हत्या व सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज किया गया था। परिवादी ने बताया कि उसका बेटा नीतेंद्रराज उर्फ प्रदीप पांच नवंबर 2023 को चूरू से परीक्षा देने जोधपुर जाने का कहकर घर से निकला था। अगले दिन (छह नवंबर 2023) शाम करीब छह बजे पिता-पुत्र की आखिरी बार बात हुई। उसने कहा था कि वह रात को 3:30 बजे वाली ट्रेन से चूरू लौट आएगा। जब बेटा घर नहीं पहुंचा तो पिता ने उसके मोबाइल पर कॉल किया। फोन देचू थाने में था। बताया गया कि फोन बस में कंडक्टर को मिला था। उसने थाने में जमा करा दिया। पिता को 16 नवंबर 2023 को बेटे का फोन मिला। आरोपी महिला टीचर के बारे में जानकारी



# व्यापार जगत

# सिर्फ पहनने या निवेश के लिए ही नहीं, खाने-पीने तक काम आता है सोना

**नई दिल्ली।** सोना कितना सोना है... बॉलीवुड फिल्म हीरो नंबर वन का यह गाना आज भी सोने पर खरा उतरता है। फिल्म के नाम की तरह महंगी धातुओं में सोना अभी भी लोगों की पसंद में नंबर वन है। बात चाहें भारत की हो या सोने की खान वाले दक्षिण अफ्रीका की या फिर दुबई की, सोने का मोह ऐसा है कि किसी से छूटता ही नहीं है। आपको बता दें कि सोने का इस्तेमाल सिर्फ ज्वेलरी बनाकर उन गहनों को पहनना ही नहीं, बल्कि खाने और पीने में भी होता है। भारत में अगर सोने के इस्तेमाल की बात करें तो ज्वेलरी के रूप में इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। वहीं काफी लोग सोने के बिस्किट आदि निवेश के तौर पर भी रखते हैं। बात अगर सोने के गहनों की सबसे ज्यादा खपत वाले देशों में करें तो इसमें भारत पहले स्थान पर है। साल 2024 में भारत ने चीन से ज्यादा सोने की खपत की। भारत सोने की खपत करने के मामले में सिर्फ ज्वेलरी तक ही सीमित नहीं है। सोने में निवेश करने वाले भी कम नहीं हैं। इसका कारण है इसकी कीमत में आ रही तेजी। पिछले कुछ समय से सोने की कीमत में काफी उछाल आया है।

#### क्यों बढ़ रही सोने की कीमत ?



■ सोने की कीमत इन दिनों आसमान छू रही है। तीन महीने के रिटर्न के हिसाब से इसका औसतन मासिक रिटर्न छह फीसदी से ज्यादा रहा है। ऐसे कई कारण रहे हैं जिनके चलते सोने की कीमत में तेजी आई है। दुनियाभर के केंद्रीय रिजर्व बैंक धड़ाधड़ सोना खरीद रहे हैं। इससे भी सोने की कीमत में तेजी आई है। भारत ने पिछले पांच वर्षों में 244 टन सोना खरीदा है।

#### स्वर्ण की भस्म से कई बीमारियों का इलाज

सोना न सिर्फ तन की सुंदरता बढ़ाता है बल्कि इसका इस्तेमाल खाने-पीने में भी होता है। सोने की भस्म (स्वर्ण भस्म) से कई गंभीर बीमारियों का इलाज होता है। आयुर्वेद में भी इसका जिक्र किया गया है। साथ ही स्वर्ण भस्म का इस्तेमाल इम्यूनिटी बढ़ाने में भी होता है। हालांकि इसका सेवन किसी आयुर्वेदाचार्य की सलाह से ही करना चाहिए। बात अगर पीने की करें तो सोने के पानी का इस्तेमाल सेहत के हिसाब से काफी लाभदायक माना गया है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर किसी सोने के बर्तन में भारी भरकर रात को रख दें और सुबह उस पानी को पीएं तो उसमें सोने के गुण आ जाते हैं। पानी में सोने का सिक्का, बिस्किट या तार आदि डाल लें भी उस पानी में सोने के गुण आ जाते हैं। दुनियाभर की कई कंपनियां सोना मिला पानी बेच रही हैं। सिर्फ पानी ही नहीं, दूसरी चीजों में सोने का इस्तेमाल पीने के लिए हो रहा है। कुछ समय पहले एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें एक शख्स होटल में 24 कैरेट गोल्ड से बनी कॉफी पी रहा है।

## अमेरिका ने इस गरीब देश को भी नहीं छोड़ा लगा दिया 50% टैक्स




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ की दुनियाभर में आलोचना हो रही है। चीन ने तो जवाबी कार्रवाई भी कर दी है। वहीं ट्रंप ने भारी-भरकम टैरिफ के मामले में गरीब देशों को भी नहीं छोड़ा है। उन्होंने अफ्रीका के सबसे गरीब देशों में शामिल लेसोथो पर 50% का भारी टैक्स लगा दिया है। इससे लेसोथो के लोगों को काफी परेशानी हो सकती है। इस कदम को लेकर एक कारोबारी ने ट्रंप की समझदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कारोबारी अरनॉड बर्ट्रेंड ने ट्रंप के इस फैसले को 'आर्थिक रूप से बेतुका' बताया है। उनका कहना है कि ट्रंप की रेसिप्रोकल टैक्स के पीछे कोई समझदारी नहीं है। अरनॉड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। अरनॉड ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'लेसोथो की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सिर्फ 2.4 अरब डॉलर है। ऐसे गरीब देश पर 50% टैक्स लगाना समझ से परे है।

#### ▶▶ SACU के देशों पर कितना टैक्स ?

लेसोथो, दक्षिणी अफ्रीका का एक छोटा सा देश है। यह Southern African Customs Union (SACU) का हिस्सा है। इस यूनियन में साउथ अफ्रीका, नामीबिया, एस्वातिनी और बोत्सवाना भी शामिल हैं। इन सभी देशों पर एक जैसा टैक्स लगना चाहिए, लेकिन ट्रंप ने इन सभी देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाया है। लेसोथो पर 50%, साउथ अफ्रीका पर 30%, नामीबिया पर 21%, बोत्सवाना पर 37% और एस्वातिनी पर सिर्फ 10% टैक्स लगाया गया है। अरनॉड ने लेसोथो का उदाहरण देते हुए समझाया कि अमेरिका ने कैसे टैक्स लगाया। अमेरिका ने लेसोथो पर 50% टैक्स इसलिए लगाया क्योंकि लेसोथो भी अमेरिका पर लगभग इतना ही टैक्स लगाता है।

## आप का राशिफल 6 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ज दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

## डेलहीवरी 1,407 करोड़ में ईकॉम एक्सप्रेस को खरीदेगी




**मुंबई।** थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स कंपनी डेलहीवरी ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड को 1,407 करोड़ रुपए में खरीदेगी। कंपनी ने पांच अप्रैल को एक्सचेंज को जानकारी दी है कि बोर्ड ने ईकॉम एक्सप्रेस के लगभग 99.4% शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शनिवार को एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस अधिग्रहण का उद्देश्य डेलहीवरी के पैमाने को बढ़ाना है, जिससे ग्राहकों के लिए इसका मूल्य प्रस्ताव मजबूत होगा। ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स कंपनी है। इसकी स्थापना 2012 में हुई थी। ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्ट नहीं है। इस अधिग्रहण के जरिए डेलहीवरी अपनी बाजार स्थिति को और मजबूत करना चाहती है। ईकॉम एक्सप्रेस के पास अमेजन, मीशो, नाइका जैसे बड़े क्लाइंट्स हैं और यह पूरे भारत में एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स नेटवर्क चलाती है। इस अधिग्रहण से डेलहीवरी को ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में और विस्तार करने का मौका मिलेगा। बीएसई के अनुसार चार अप्रैल को बाजार बंद होने पर डेलहीवरी का मार्केट कैप 19.46 हजार करोड़ रुपए था। चार अप्रैल यानी शुक्रवार को कंपनी के शेयर में 0.97% की गिरावट रही थी और इसका शेयर 261 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं इस साल अब तक इसके शेयर प्राइस में 87.40 रुपए (25.09%) की गिरावट देखने को मिली है। डेलहीवरी का आईपीओ मई 2022 में आया था। यह आईपीओ 5,235 करोड़ रुपए का था। डेलहीवरी के शेयरों की लिस्टिंग 27 मई 2022 को एनएसई और बीएसई पर हुई थी।

#### 2011 में डेलहीवरी की शुरुआत

डेलहीवरी की शुरुआत 2011 में हुई थी। कंपनी की स्थापना गुरुग्राम (तब गुड़गांव), हरियाणा में हुई थी, और यह शुरू में एक स्थानीय डिलीवरी सर्विस के रूप में काम करती थी। बाद में कंपनी पूरे देश में डिलीवरी सर्विस देने लगी।

## टैरिफ ऐलान से लगातार दूसरे दिन अमेरिकी बाजार 6% गिरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद लगातार दूसरे दिन चार अप्रैल को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट रही। डाउ जोन्स इंडेक्स करीब 2,231.07 पॉइंट या 5.50% गिरकर 38,314 के स्तर पर बंद हुआ। एक दिन पहले भी ये 3.98% गिरा था। यानी दो दिन में डाउ जोन्स 9% से ज्यादा गिरा है। वहीं, S&P 500 इंडेक्स में 322.44 पॉइंट या 5.97% की गिरावट रही। ये 5,074 के स्तर पर आ गया। नैस्डेक कंपोजिट 962.82 अंक या 5.82% गिरकर 15,587 के स्तर पर बंद हुआ। एपल, बोइंग, इंटेल और डाउ INC जैसी कंपनियों के शेयरों में 12% तक की गिरावट रही। इस गिरावट से अमेरिकी शेयर बाजार का मार्केट कैप दो ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा कम हो गया। S&P 500 इंडेक्स का मार्केट कैप तीन अप्रैल को 45.388 ट्रिलियन डॉलर था, जो चार अप्रैल को घटकर करीब 42.678 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है। वहीं दो अप्रैल को मार्केट कैप 47.681 ट्रिलियन डॉलर था। यानी, दो दिन में मार्केट कैप करीब पांच ट्रिलियन डॉलर घट चुका है। चीन ने भी अमेरिका पर 34% टैरिफ लगाया : चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है। कंपनियों को मुनाफा कम होने का डर : अमेरिका ने सभी आयातित सामानों पर 10% न्यूनतम टैरिफ और कुछ देशों (जैसे चीन पर 34%, वियतनाम पर 46%) पर इससे भी ज्यादा शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वहां से आने वाले सामानों की कीमत बढ़ जाएगी।

# आत्मविश्वास से भरे गिल एसआरएच को देंगे पटकनी

## सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात जायंट्स के बीच मैच आज



**हैदराबाद।** चार मैचों में से पहला मैच जीतने के बाद लगातार तीन हार झेलने वाली टीम के लिए पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में आईपीएल लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटन्स से भिड़ने पर सभी विभागों में गंभीर सुधार करना होगा। सीजन की शुरुआत में, एसआरएच की विस्फोटक बल्लेबाज की चर्चा थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाया), उसके बाद नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा शामिल थे। लेकिन यह मजबूत लाइन-अप अगर आक्रामक नहीं होने के कारण गेंदबाजों के सामने कमजोर साबित हुए।

### सही स्ट्रोक की जरूरत

एसआरएच के बल्लेबाजों के लिए यह जल्द से जल्द समझने का समय आ गया है कि रन केवल शुरुआत से ही जोरदार हिटिंग से नहीं आते हैं। बल्कि सही स्ट्रोक चयन की भी जरूरत है । ऐसा भी नहीं है कि एसआरएच के बल्लेबाज इस बात को समझते नहीं है लेकिन इसे अनदेखा करना उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं होगा । गेंदबाजी में भी कुछ चिंताएँ हैं। एसआरएच स्पिन पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। तेज गेंदबाजों को सही समय पर सही जगह इस्तेमाल होना चाहिए और शुरुआती सफलताएं दिलानी चाहिए। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट अपनी विविधताओं के कारण बेहतर विकल्प हो सकते हैं। दूसरी ओर, तीन मैचों में से दो जीत के साथ गुजरात टाइटन्स को सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन द्वारा गिल के साथ मिलकर लगातार रन बनाने से प्रसन्न होंगे। इसके अलावा टीम में बल्लेबाजी के लिए जोस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी हैं। जो मैच का रूख अपने बल्लेबाजी के दम पर बदल सकते हैं। बशर्ते बल्लेबाज मैच में चलें।



### सिराज तुरूप का पत्ता

गेंदबाजी की बात की जाए तो मोहम्मद सिराज को 'घरेलू दर्शकों' के सामने खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। बाएं हाथ के साई किशोर और लेग स्पिनर राशिद खान की स्पिन जोड़ी अहम भूमिका निभा सकती है।



# 'धोनी मेरे पिता की तरह': पथिराना

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को टीम के ही एक खिलाड़ी ने अपना क्रिकेटिंग फादर बताया है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स के के पेसर मथीशा पथिराना हैं। मथीशा पथिराना ने आईपीएल 2022 में डेब्यू किया था। वे एडम मिल्ने के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े थे और इसके बाद से लगातार सीएसके के लिए खेल रहे हैं। मथीशा पथिराना उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया था। सीएसके द्वारा जारी एक डॉक्यूमेंट्री में, पथिराना की मां ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से सीएसके के दिग्गज धोनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "धोनी के बारे में कोई शब्द नहीं है।

# नहीं चला धोनी का मैजिक

## दिल्ली कैपिटल्स की विनिंग हैट्रिक



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के मैच नंबर-17 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) हुआ। शनिवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने 25 रनों से जीत हासिल की। दिल्ली ने मेजबान टीम को जीत के लिए 184 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वो 5 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। इस मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स ने 15 साल बाद सीएसके को पराजित किया है।

### धीमी पिच पर रन बनाने के लिए जूझे

महेंद्र सिंह धोनी ने एक चौके और एक सिक्स की मदद से 26 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। वहीं विजय शंकर ने नाबाद 69 रन बनाए। विजय शंकर ने 54 गेंदों की पारी में 5 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। चेन्नई सुपर किंग्स की यह तीसरी हार है। जबकि दिल्ली की ये लगातार तीसरी जीत रही। टारगेट का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 रनों के स्कोर तक अपने दो विकेट खो दिए। रचिन रवींद्र (3) को फास्ट बॉलर मुकेश कुमार ने चलता किया। वहीं कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (5) तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का शिकार बने। फिर विपराज निगम ने दूसरे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे (13) को भी सस्ते में पवेलियन रवाना कर दिया।

### केएल राहुल की दमदार पारी

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली कैपटल्स ने 6 विकेट पर 183 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर जेक फ्रेजर-मैकगर्क का विकेट गंवा दिया। जेक अपना खाता भी नहीं खोल पाए और खलील अहमद का शिकार बने। इसके बाद अभिषेक पोरेल और केएल राहुल ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़कर पारी को संभाला। स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पोरेल को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा। पोरेल ने 20 बॉल 33 रन बनाए, जिसमें 4 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। फिर चौथे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल उतरे। अक्षर और केएल राहुल के बीच चौथे विकेट के लिए 36 रनों की साझेदारी हुई। अक्षर 21 रन बनाकर नूर अहमद की गेंद पर बोल्ड हुए।

# एक-एक रन को तरसे तिलक वर्मा

## आउट हुए बिना ही छोड़ना पड़ा मैदान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में तिलक वर्मा ने सोचा भी नहीं होगा कि वो एक-एक रन बनाने के लिए तरस जाएंगे और टीम की हार की वजह बनेंगे. तिलक की चौके-छक्के जमाने की हर कोशिश फेल हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में तिलक को अपनी खराब बल्लेबाजी के कारण 19वें ओवर में ही रिटायर आउट होकर लौटना पड़ा. इस तरह से आउट होने वाले वो दूसरे बल्लेबाज बन गए।



### मुंबई के लिए डाला इम्पैक्ट

इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 204 रन का लक्ष्य हासिल करना था। मुंबई की खराब शुरुआत के बाद नमन और सूर्यकुमार यादव की साझेदारी की मदद से 8 ओवर में 86 रन बना लिए थे। 9वें ओवर में नमन के आउट होने के बाद तिलक आए। तिलक को इम्पैक्ट सब्स्टिट्यूट के तौर पर उतारा गया लेकिन जो इम्पैक्ट उन्हें मुंबई के लिए डालना था, उन्होंने अनजाने में लखनऊ के लिए डाल दिया। एक तरफ सूर्यकुमार यादव चौके-छक्के जमा रहे थे तो वर्मा एक-एक रन के लिए तरस रहे थे।



## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को रौंदा

# वनडे सीरीज में 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को तीसरे मुकाबले में भी बुरी तरह हरा दिया। बे ओवल में खेले गए इस मुकाबले में कीवी टीम ने 43 रनों से जीत दर्ज की। साथ ही पाकिस्तान का सूपड़ा साफ करते हुए वनडे सीरीज को 3-0 से जीत लिया। बारिश की वजह से इस मैच को घटाकर 42 ओवर का कर दिया गया था। मौसम को देखते हुए पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। इसके बाद न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 265 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पाकिस्तानी टीम 40 ओवर में ही 220 पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से बेन सीयर्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए।

### सीयर्स और ब्रेसवेल के आगे झुका पाकिस्तान

बारिश के साये में हुए इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 164 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे यहां बड़े स्कोर तक पहुंचना मुश्किल लग रहा थे। लेकिन कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने इस काम को संभव बनाया। उन्होंने नीचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे और 40 गेंद में 59 रन ठोक दिए। उनकी बैटिंग की वजह से कीवी टीम ने 42 ओवर में 264 रन ठोक दिए। ब्रेसवेल की वजह से न्यूजीलैंड एक मजबूत स्थिति में आ सका और मैच जीतने में कामयाब रहा। इसलिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं बेन सीयर्स ने पाकिस्तानी बैटिंग लाइन अप पर कहर बरपा दिए। उन्होंने 9 ओवर में महज 34 रन देकर 5 अहम विकेट चटकाए। पाकिस्तान के अच्छे शुरुआत के बाद सीयर्स ने ही पहली सफलता दिलाई थी।

# म नो रं ज न

# आरव के साथ नजर आई मिस्ट्री गर्ल

अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के बेटे आरव भाटिया शुक्रवार को पैप्स के कैमरे में कैद हुए। आरव हुमा कुरैशी की ईद पार्टी में शामिल होने के लिए आए थे। इस समारोह में बॉलीवुड के कई नामचीन नाम जिनमें राजकुमार राव, डायना पेंटी, फराह खान और कई अन्य भी शामिल हुए। हालांकि इसे स्टार किड्स में शामिल आरव और उनके साथ मौजदू एक मिस्ट्री गर्ल ने सभी का ध्यान खींचा। सिमर अक्षय कुमार की बहन अलका भाटिया की बेटी हैं। वह अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और धर्मेंद्र के साथ इक्कीस से



बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षय कुमार अपनी बहन और उसके परिवार के साथ अपने करीबी रिश्ते को देखते हुए उनके प्रति अपने प्यार का इजहार करने से कभी नहीं चूकते।

# बला की खूबसूरत है मनोज कुमार की पोती

हम आपको दिवंगत एक्टर मनोज कुमार की पोती से मिलवाने जा रहे हैं। जो फिल्मों से दूर रहती हैं। लेकिन खूबसूरत में कई एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर रहे मनोज कुमार ने बीते दिन दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर की मौत से पूरी इंडस्ट्री सदमे में हैं। एक्टर का अंतिम संस्कार मुंबई में ही किया गया। इस दौरान अमिताभ बच्चन समेत कई स्टार्स वहां मौजूद रहे। हालांकि इस रिपोर्ट में हम मनोज कुमार की पोती के बारे में बात करने जा रहे हैं। जो बला की खूबसूरत हैं। दरअसल दिवंगत अभिनेता मनोज कुमार की पोती का नाम मुस्कान गोस्वामी है। जो इंडस्ट्री और फिल्मों से कोसों दूर हैं। फिर भी लग्जरी लाइफ जीती हैं। मुस्कान ग्लैमर वर्ल्ड से दूर होकर भी किसी एक्ट्रेस से कम खूबसूरत नहीं है। वो सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। जहां वो हर दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती हैं। मुस्कान दिवंगत एक्टर मनोज कुमार के बेटे विशाल गोस्वमी की बेटी हैं। जो आज फिल्मों से दूर होकर एक सफल बिजनेवुमन बन चुकी हैं।



# आ सकता है बजरंगी भाईजान की सीक्वल



सलमान खान देश के चहेते सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों की लिस्ट में कई धमाकेदार और यादगार फिल्में शामिल हैं। इन्हीं में से एक है 'बजरंगी भाईजान', जो साल 2015 में रिलीज़ हुई थी। ये फिल्म सिर्फ एक ब्लॉकबस्टर नहीं थी, बल्कि सलमान के करियर की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में इमोशन, ड्रामा और एक मजबूत मेसेज सब कुछ था। इस शानदार कहानी और परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को 63वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट पॉप्युलर फिल्म प्रोवाइडिंग होलसम एंटरटेनमेंट का अवॉर्ड भी मिला था। सलमान खान के फैन्स सालों से बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और अब लग रहा है कि उनकी ये ख्वाहिश जल्द पूरी हो सकती है। खबरों की मानें तो सलमान हाल ही में फिल्म के लेखक वी। विजयेंद्र प्रसाद से मिले हैं और 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है।

इंडस्ट्री सोर्स के मुताबिक, 'सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। दोनों ने एक आइडिया पर बात की है और चर्चा इसी दिशा में चल रही है कि ये बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है। साथ ही ये भी माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में डायरेक्टर कबीर खान भी जुड़ सकते हैं। यानी सलमान, विजयेंद्र प्रसाद और कबीर खान की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ सकती है। हालांकि फिलहाल कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है।' पहली फिल्म ने अपने इमोशनल कहानी से दिल जीत लिया था और खूब सराहना भी मिली थी। प्रसाद भारत के सबसे सफल स्क्रीनराइटर्स में गिने जाते हैं। वो अकेले ऐसे लेखक हैं जिन्होंने इंडियन सिनेमा की कई सबसे बड़ी फिल्मों में योगदान दिया है। उनके चर्चित कामों में बॉब्बिली सिम्हम (1994), मगधीरा (2009), ईगा (2012), बाहुबली सीरीज़ (2015–2017), बजरंगी भाईजान (2015) और आरआरआर (2022) शामिल हैं।

# रणबीर की फिल्म में एक्स गर्लफ्रेंड की एंट्री



संजय लीला भंसाली की आनेवाली फिल्म लव एंड वॉर को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में तीनों के बीच लव ट्रायंगल की स्टोरी नजर आ सकती है। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। फिल्म में रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड दीपिका पादुकोण नजर आ सकती हैं। दीपिका पादुकोण और रणबीर के बीच बोल्ड सीन्स भी देखने को मिल सकते हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो दीपिका फिल्म में गेस्ट एंट्री ले सकती हैं। इतना ही नहीं, फिल्म में दोनों के बीच बोल्ड रोमांटिक सीन्स देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को रणबीर कपूर के अपोजिट फिल्म में 40 मिनट के सीक्वेंस के लिए दीपिका पादुकोण के नाम पर विचार चल रहा है। दोनों के बीच संभावित रूप से बोल्ड रोमांटिक सीन देखने को मिल सकता है जिसकी वजह से फिल्म को ए सर्टिफिकेट मिल सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका ने अभी तक फिल्म को साइन नहीं किया है, पर कहा जा रहा है कि वो ये ऑफर अपना सकती हैं। दीपिका ने इसपर विचार करने के लिए वक्त मांगा है। हालांकि, इस खबर पर फिल्म से जुड़े लोगों की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। लव एंड वॉर की बात करें तो फिल्म में रणबीर कपूर और विकी कौशल इंडियन आर्मी के अधिकारियों की भूमिका में नजर आ सकते हैं।

### महिला कांस्टेबल में दिखा अभिनेत्री के प्रति क्रेज

# खतरों के खिलाड़ी में धनश्री वर्मा?



दो बड़े रियलिटी शोज सलमान खान का 'बिग बॉस ओटीटी 4' और रोहित शेट्टी का 'खतरों के खिलाड़ी 15' इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। लोग जानना चाह रहे हैं कि रोहित शेट्टी के शो में इस बार कौन-कौन से कंटेस्टेंट शामिल होंगे। पहले कई खबरें आ चुकी हैं कि बिग बॉस 18 के कुछ कंटेस्टेंट स्टंट शो में अपना जलवा दिखाने वाले हैं। अब खबरें आ रही हैं कि शो में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स अपूर्वा मुखीजा शामिल हो सकती हैं। खबर सामने आई थी कि मशहूर डांसर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अप्रोच किया गया है। पिछले दिनों वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में थीं। मेकर्स ने उन्हें शो के लिए अप्रोच किया है मगर फिलहाल उनकी तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। धनश्री इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक लिया था, जिसके बाद उनका नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। तलाक के पीछे की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन चहल का नाम आरजे महवश के साथ जुड़ने से फैंस की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। ऐसे में अगर धनश्री बिग बॉस ओटीटी 4 में नजर आती हैं, तो यह सीजन और भी चर्चा में आ सकता है। धनश्री के अलावा फेमस यूट्यूबर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मुखीजा को भी बिग बॉस ओटीटी 4 के लिए अप्रोच किया गया है। कुछ समय पहले उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी पोस्ट हटा दिए थे।

# अभियान से पशु-पक्षियों के प्रति दया व सहानुभूति के भावों का होगा विकास : सांदू

## बैठक में की परिंडा अभियान पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** ग्रीष्मकाल की शुरुआत के साथ ही जिला कलक्टर पाली की पहल पर परिंडा अभियान की तैयारी बैठक उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा देसूरी के तत्वावधान में आयोजित समस्त पीइइओ यूसीइइओ एवं सैकंडरी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की पंचायत समिति सभागार में हुई बैठक में जिला कलेक्टर कार्यालय पाली एवं स्थानीय भामाशाह डूंगाराम माली द्वारा दिए गए परिंडे लगाने एवं उसके रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उपखंड अधिकारी सांदू ने संस्था प्रधानों से कहा कि यह स्व प्रेरित कार्यक्रम है न कि सरकारी कार्य म। इसलिए अपनी आत्मा की आवाज सुनकर कम हो रही चिड़ियों की चहचहाहट को विद्यालय परिसर में आबाद करना है, उनके दाना पानी की व्यवस्था करना, बच्चों में पशु पक्षियों के प्रति दया सहानुभूति के भावों का विकास करना है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई ने ब्लॉक रैंकिंग में देसूरी के प्रथम आने पर समस्त संस्था प्रधानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि पक्षियों के प्रति बच्चों का विशेष प्रेम होता है। पक्षियों को दाना पानी देने एवं उनकी चहचहाहट की मधुर ध्वनि से बच्चों के व्यवहार में सकारात्मकता आती है मन प्रसन्न रहता है, जिससे सेवा भाव के साथ शिक्षण कार्य भी बेहतर होता है। इस अवसर पर कालूराम माली की प्रेरणा से डूंगाराम माली अध्यक्ष युवा माली संघ मुम्बई ने 21 सौ परिंडे देने की घोषणा की। बैठक में तीन सौ परिंडे संस्था प्रधानों को वितरित किए गए। शैक्षिक गुणवत्ता के साथ सत्रांत कार्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर तहसीलदार नरेन्द्रसिंह, प्रधानाचार्य जगदीश चौधरी, सोहनलाल, श्रवणकुमार, संदर्भ व्यक्ति हिम्मत मैशन, मुख्तियार खां शेख, मदनलाल माली सहित 48 संस्था प्रधानों एवं कार्मिकों ने भाग लिया।




**सांडेराव।** ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर से प्राप्त परिंडों को सोमवार को उचित स्थानों पर लगाया जाएगा। सरपंच दाखूदेवी भील व पीइइओ कपूरचंद एवं एसडीएमसी सदस्यों की उपस्थिति में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सांडेराव, सभी राजकीय व निजी विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाए जाएंगे।

# गुजराती धुनों पर महिलाओं ने जमकर किया गरबा नृत्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे के तेजलाव पर स्तिथ अम्बे माता व संतोषी माता मन्दिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के तहत शु' वार रात्रि भक्तराज राजेन्द्र भंडारी के सान्निध्य में गरबा नृत्य कार्य' म आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने गुजराती धुनों पर जमकर गरबा नृत्य किया। इससे पहले शु' वार शाम माताजी मन्दिर में महाआरती की गई। जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। माता की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया। गरबा नृत्य कार्य' म में महिलाओं के साथ बालिकाओं ने भी उत्साह से भाग लिया। करीब दो घंटे तक चले गरबा महोत्सव में हर कोई उत्साह उमंग से सराबोर नजर आया। इस दौरान भक्तराज राजेन्द्र भंडारी, अम्बे माता व संतोषी माता ट्रस्ट कमेटी के सोहनलाल चौधरी अध्यक्ष, नरेन्द्रसिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, सोहनलाल सोनी सचिव, हीरादास वैष्णव कोषाध्यक्ष, कमलेश सोनी सहकोषाध्यक्ष, अरविन्द दवे सहसचिव, श्रवण सिसोदिया मेला प्रभारी एवं सदस्य मुकेशपुरी गोस्वामी, फुआराम चौधरी, मोतीलाल माली, जगदीश प्रजापति, रमेश लौहार, हीरसिंह राठौड़, सोहनलाल लौहार, लिलेश खत्री, श्रवण वैष्णव, मोतीलाल जैन, घनश्याम छीपा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# संत कृपानंद का बैकुंठवास, अंतिम यात्रा में उमड़े लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** कस्बे में शनिवार को संत कृपानंद महाराज का देवलोक गमन हो गया। उनके परलोकवास से श्रद्धालुओं में शोक की लहर छा गई। देवलोक गमन पर सैंकडो श्रद्धालु उनके आश्रम पहुंचे एवं दर्शन कर अंतिम यात्रा में शरीक हुए। बैरा राकावा पर ब्रह्मलीन महाराज को समाधी दी गई। युवा शिष्य भरत महाराज, मंगलपुरी महाराज, सरपंच शेखर मीणा, एडवोकेट राजेन्द्र गहलोत, कुटुंबी सदस्य व सीरवी समाज के श्रद्धालुओं ने अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर भीमाराम, सुजाराम, कांतिलाल काग, सोभाराम, नत्थाराम कुम्हार, चंदाराम, गणेश कुमावत, मोटाराम, प्रकाशकुमार, सुरेश मालवीय, बगदाराम, रमेशकुमार वार्डपंच, बाबूलाल, टीमकराम, गमनाराम, भंवरलाल माली, मोहनलाल, गणाराम पाली, गुलाबभाई, जगदीश वैष्णव, भानाराम, मोटाराम, मेघाराम, भोलाराम, सुजाराम सहित कई लोग मौजूद थे।



# आरएससीआइटी कोर्स का विधिवत शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** कस्बे में संचालित करियर कंप्यूटर सेंटर पर (शंखेश्वर बिल्डिंग सुभाष रोड) शनिवार को राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित बालिकाओं के लिए निःशुल्क तीन महीने का आरएससीआइटी कंप्यूटर कोर्स का विधिवत शुभारंभ हुआ। वार्ड पार्षद, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत व समाजसेवी अमित मेहता द्वारा विधिवत उदघाटन किया गया। सेंटर संचालक जितेंद्रकुमार के अनुसार प्रतिवर्ष राजस्थान सरकार द्वारा 23 बालिकाओं को यह कंप्यूटर कोर्स निःशुल्क करवाया जाता है। इसके प्रमाण पत्र का उपयोग सरकारी नौकरियों में आवश्यक दस्तावेज के रूप में किया जाता है। सिद्धावत व मेहता ने सभी बालिकाओं से लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। सभी को आरएससीआइटी बुक प्रदान की गई।

# वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** ग्रीन वीनस पब्लिक स्कूल के नए परिसर में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व वंदना के साथ हुई। कार्य' म के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लालाराम प्रजापत रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मदनलाल मालवीय प्रधानाचार्य आना, अशोककुमार घावरी प्रधानाचार्य कोटडी, नाडोल पुलिस चौकी के चंद्रवीरसिंह सोलंकी ने शिरकत की। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व मनमोहक कार्य' मों के प्रस्तुति दी गई। कक्षा नर्सरी से दसवीं तक 2023-24 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थापक विनोदकुमार टेलर ने वर्षपर्यंत शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी के साथ विद्यालय के नए भवन की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान पत्रकार संदीप राठौड़ खिवाड़ा, प्रतापसिंह राजपुरोहित, रामलाल टेलर, कपिल चौहान, सचिन जणवा, जोरसिंह चौहान, महेश अखावत-सचिव सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट, दलपतसिंह राजपुरोहित, यशपालसिंह गुड़ा पृथ्वीराज, ईश्वरसिंह गुड़ा केसरसिंह, मोहनलाल प्रजापत, लुम्बाराम प्रजापत, मनोहरसिंह पनोता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्य' म के सफल संचालन में विद्यालय परिवार के देवेंद्र टेलर, किशोर टेलर, धर्मेंद्रसिंह, कमलसिंह, इरफान, धनाराम देवासी, हितेश सुथार, ममता चौधरी, प्रवीण चौधरी, रमेशकुमार, दिनेशकुमार, जितेंद्रकुमार, लता रावल, कोमल दवे, प्रेरणा दवे, रवीनाकंवर राजपुरोहित, सुमित्राकंवर राजपुरोहित, ट्विंकलकुमारी, जसोदाकुमारी, अनीता चौधरी, कविता भाटी, आशा गर्ग, जीनलकुमारी, करिश्माकंवर का सहयोग रहा।

# शिक्षा की समाज की उन्नति का माध्यम : राजपुरोहित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** विद्या दान से बड़ा कोई दान नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में जो अपने खून पसीने की पूंजी खर्च करता है उस पर लक्ष्मी की हमेशा कृपा बनी रहती हैं। ये विचार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवंद कला के संस्था प्रधान दिनेशसिंह राजपुरोहित ने व्यक्त किए। वे शनिवार को विद्यालय में भामाशाह भोमाराम लच्छाराम सीरवी



परिवार की से विद्यालय में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा व गोरधनसिंह राजपुरोहित परिवार की ओर से वाटर कूलर भेंट के मौके पर आयोजित एक सादे समारोह में बोल रहे थे। राजपुरोहित ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का माध्यम हैं। इससे पूर्व वाटर कूलर का लोकार्पण दरियादेवी राजपुरोहित ने व सरस्वती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा सीरवी परिवार की ओर से की गई। इस मौके पर शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीरसिंह कुंपावत, पूर्व वार्डपंच प्रवीण वैष्णव, सुरेन्द्र अग्रवाल, रविप्रकाश मीणा, हीरालाल वर्मा, गजेन्द्रसिंह, चांदसिंह, हंसाराम मेघवाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर भामाशाहों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# शिविर में किया 35 यूनिट रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** समीपवर्ती गूंदोज के चांगवा गांव निवासी समाजसेवी वेनाराम परमार के जन्मदिन पर आयोजित शिविर में 35 यूनिट रक्तदान किया गया। उधर इस मौके पर सेवा कार्य के तहत पक्षियों के लिए 45 परिंडे भी लगाए गए। आयोजन में गांव के युवा, बुजुर्ग और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणो ने वेनाराम परमार के सेवा कार्यों की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के सामाजिक कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# धूमधाम से मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

## कन्याओं का किया पूजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** चैत्रीय नवरात्रा के उपलक्ष्य में शनिवार को दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा का पूजन के साथ कन्याओं का भी पूजन किया गया। अलसुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कन्याओं को हलवा-पुड़ी व खीर छोले का प्रसाद खिलाया गया। आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि विधान से माता रानी की घर और मंदिरों में पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। देवी भक्तों ने कन्याओं का पूजन किया। कन्याओं को हलवा पूरी खीर का प्रसाद खिलाया गया। लोगों ने मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हुए घरों में कन्याओं को भोजन करवाया। उपहार भी दिए। साण्डेराव-फालना सड़क मार्ग पर गंगा वेरी निंबेश्वर महादेव मंदिर, माता राणी भटियाणी मंदिर, दुदेली माता मंदिर सहित क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# व्यापार संघ की बैठक में बालाजी मेले पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** व्यापार संघ व खिंवाड़ा बालाजी मेला आयोजक खांटेड़ परिवार की संयुक्त बैठक मंगलवार शाम को खैड़ादेवी मंदिर प्रांगण में व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दिनों आयोजित किए जाने वाले खिंवाड़ा बालाजी मेले के उपलक्ष्य में छह अप्रेल को निकलने वाली कलश यात्रा, नो अप्रेल को महाआरती व भजन संध्या, दस अप्रेल को असवारी व महाप्रसादी की व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आयोजन को सफल बनाने कमेटी का गठन किया गया। खैड़ादेवी मंदिर के गादिपति जसाराम देवासी, खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, अरावली क्षैत्रीय विकास समिति नगर अध्यक्ष हीरालाल मेवाड़ा, केसाराम मेघवाल, अमृतलाल खांटेड, कपूरचंद धौका, मदनलाल सोनी, जगदीश तेली, नारायणलाल देवासी, मेला आयोजक मनोज खांटेड़, खैड़ादेवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चंद सेवग, वड़लेश्वर महादेव मंदिर पुजारी किरण गोस्वामी सहित कई व्यापारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चैंपियन ट्रॉफी : पुलिस ने नागरिक एकादश व डा. एकादश पर जीत दर्ज की

## टीम लगान ने पुराड़ा को हराया




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के शिक्षा ' ांति रंगमंच मैदान में चल रहीं डे नाइट क्रिकेट सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता के सांतवे दिन शु' वार रात मुख्य अतिथि भाजपा नेता धीरज सांखला, नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल एवं देवल पटेल हॉस्पिटल के डॉ. देवल पटेल व डॉ. आशीष मोदी के आतिथ्य में मैचों का आयोजन हुआ।

भाजपा नेता सांखला ने कहा कि सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी ने पुरे शहर में एक अलग माहौल पैदा कर दिया हैं। प्रतियोगिता की चर्चा हर तरफ हो रहीं है और यहां आकर वाकई में लग रहा है कि ये आयोजन इतिहास में दर्ज होगा। नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस आयोजन ने हर वर्ग को जोड़ दिया है। कई खिलाड़ी वर्षो बाद मैदान में पूरे उत्साह के साथ खेलने आए है ये वाकई में अदभूत प्रतियोगिता है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रावल ने कहा कि 15 दिन तक सौ टीमों और 15 सौ खिलाड़ियों का मैनेजमेंट करना बहुत बड़ी बात हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन करवाने पर कमेटी को बधाई दी।

### रोज हो रहे है आठ से दस मैच

आयोजक जगदीश राजपुरोहित व पुष्पकांत मेवाड़ा ने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में हो रहीं इस प्रतियोगिता में रोज 8 से 10 मैच हो रहे है। इस प्रतियोगिता में 8 साल के बच्चों से लेकर 60 तक के खिलाड़ी खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो तीन दिन में प्रशासनिक लीग, लीजेंड लीग व वार्ड कप के फाइनल हो जाएंगे। उसके बाद इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आइपीएल फॉर्मेट 9 अप्रैल से शुरू होगा। इस अवसर पर कमेटी सदस्य सत्येंद्रसिंह राजगुरु, मनोहर देवड़ा, मानसिंह खिवांदी, मानसिंह रामनगर, शैतानकुमार, जगदीश राजगुरू, जयकिशन कुम्पावत, अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, रवि चौहान, गोविंद मेघवाल, मनीष चावरिया, आयुष, सिद्धार्थ चावरिया, नवाब खान, राजपाल मीणा आदि मौजूद रहे।

### टीम लगान ने दर्ज की एकतरफा जीत

प्रतियोगिता के सातवें दिन वार्ड कप में टीम लगान ने पुराड़ा के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। पुराड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन टीम लगान के कप्तान जगदीश राजपुरोहित व अकील टाक की घातक गेंदबाजी के सामने महज 52 रन ही बना पाई। 53 रनों का लक्ष्य टीम लगान ने कप्तान जगदीश राजपुरोहित के धुंआधार नाबाद 33 रनों की मदद से मात्र 5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इसी प्रकार टीम गोविंदम, पार्षद इलेवन, वार्ड 34 की टीमों ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं जवाई प्रीमियर लीग में नागरिक एकादश ने पंचायत समिति को, पुलिस विभाग ने नागरिक एकादश व डॉक्टर एकादश को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# राम दरबार का मंत्रोच्चारण के साथ हुआ अभिषेक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** हिंदू महोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में रामनवमी शोभायात्रा से पूर्व प्रभु राम दरबार का आचार्य हरीश अवस्थी व 11 पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ अभिषेक व श्रृंगार किया गया। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि वेंकटेश्वर मार्ग स्थित लक्ष्मी मंडपम में शाम 6 बजे अभिषेक व श्रृंगार कार्य' म आयोजित किया गया। मुख्य यजमान शोभा यात्रा अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी व कैलाश जीनगर सपत्नीक अभिषेक कार्य' म में यजमान रहे। अभिषेक कार्य' म के पश्चात चांदी के आभूषणों व रत्नजड़ित मुकुट से प्रभु राम का श्रृंगार किया गया। रामनवमी की शोभायात्रा 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे रगुनाथ मंदिर से प्रारंभ होगी। इस बार हिन्दू महोत्सव समिति का आह्वान है हर समाज, हर संस्था, हर संगठन शोभायात्रा से जुड़ें। सौ कार्यकर्ताओं की टीम कार्य' म की तैयारी में लगी हुई है। कार्य' म में किशन प्रजापत, परमेश्वर जोशी, अनिल चौहान, नरेंद्र माछर, रंगलाल जाट, आनंदस्वरूप गुप्ता, बाबूलाल कुमावत, रामसुख पायक, गौरव शर्मा, श्रवण भीलवारा, दीपक सोनी, कैलाश कुमावत, हरीश सोनी, गोविंद मेघवाल, गुलाब जांगिड़, महेश वैष्णव, दुर्गावाहिनी की कुसुम थावानी, विनीता तनवानी, संतोष वैष्णव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नाडोल।** भगवान राम जन्मोतस्व सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र के दौरान नौ दिन नगर मे प्रति दिन नगर भ्रमण कर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। अब राम जन्मोतस्व पर रविवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां, रथ, गेर नृत्य एवं कच्छी घोड़ी नृत्य का समावेश होगा। यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा, आरती, शीतल पेय एवं प्रसाद की व्यवस्था के साथ स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा नाडोल नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई 12 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर बोहरों का वास पहुंचेगी। जहां प्रभु राम के जन्म का कार्य' म होगा। सायं काल सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्य' म को सफल बनाने के लिए समिति के अमरसिंह राजपुरोहित, जोरसिंह चौहान, भूराराम, नरेश बोहरा, लुम्बाराम, भीखाराम, रवि बोहरा, गोविन्द प्रजापत, रामगोपाल सोनी, सुरेश सैन, भोपालसिंह राजपुरोहित, वजाराम घांची, जितु जोशी, अरविन्दसिंह, प्रहलाद बंजारा, विजय लुणिया, हिमांशु तिवारी, प्रमोदपुरी, प्रहलाद भाटी, पन्नालाल, दलपतसिंह, मदन वैष्णव, मदन सैन, प्रवीण माली सहित कई कार्यकर्ता जुटे हुए है।

# लालावा उज्जैनी वीर मामाधणी के मेले में उमड़े लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे के लालावा उज्जैनी वीर मामाधणी के उपासक गमनाराम चौधरी, महंत कैलाशपुरी महाराज के सानिध्य में भरे मेले में श्रद्धालु उत्साह से शरीक हुए।



मेले के मुख्य अतिथि समाजसेवी अमरसिंह राजपुरोहित थे एवं विशेष अतिथि के तौर पर संजय सोनी एइएन देसूरी, हिन्दूराम देवासी, पुखराज घांची ने शिरकत की। हरीओम ग्रुप एनएस राव के बैनर तले आयोजित भजन कार्यक्रम में गायक सुरेश गवैया उदयपुर, तनुश्री मालवीय, दिनेश परमार एंड पार्टी व अजय कंशन दिल्ली के कलाकारों ने भजनों वे देव झांकियों की प्रस्तुति दी। भजनों पर मोनिका मेवाड़ी, प्रियंका उदयपुर ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मेला कमेटी द्वारा भामाशाहों, अतिथियों का साफा, माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नाडोल मंडल अध्यक्ष सतीश सोनी, मोडसिंह, भंवरलाल मालवीय, जब्बरसिंह, गजेन्द्रसिंह, लेहरीबाई देसूरी, ताराराम ग्यावत, चमनाराम, पुष्पादेवी छोड़ा, प्रकाशकुमार, कसाराम भुंगरिया, ओमप्रकाश जाट, ओगडराम चौधरी, रूपाराम चौधरी, नथाराम, मानाराम घांची, भूराराम मद्रास, मांगीलाल, धन्नाराम कोटवाल, नत्थाराम, गजाराम चौधरी, मेघाराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मेले में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आराध्य की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

# मंत्रालयिक व सहायक कर्मचारियों का होगा सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की ओर से मंत्रालयिक व सहायक कर्मचारियों का राज्य स्तर पर सम्मान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में 78 कर्मचारियों का चयन किया है। माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना व वरिष्ठ समग्र शिक्षा अभियान के निदेशक आशीष मोदी के आदेशानुसार राज्य स्तरीय चयन समिति की ओर से वर्ष 2024 में सम्मान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा पाली में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राहुल परमार का चयन किया गया है।

CMYK



## जागरूकता शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत शनिवार को वित्तीय साक्षरता केंद्र शिवगंज द्वारा नेटकोर स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन केसरपुरा में वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा विषय पर शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य युवावर्ग को वित्तीय ज्ञान और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में बताया गया। जैसे कि बैंक खाते, बीमा और पेंशन योजनाएं। उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में भी शिक्षित किया गया। साइबर क्राइम जैसी घटना होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करवाने के लिए भी जागरूक किया। एरिया मैनेजर मुमताज पठान, जिला अग्रणी बैंक से वित्तीय साक्षरता सलाहकार दिनेश खण्डेलवाल और सीएफएल शिवगंज केंद्र प्रबंधक राज कुमार ने प्रशिक्षक के रुप में भूमिका निभाई। इस मौके पर नेटकोर स्किल सेन्टर के प्रभारी हबीब टॉक तथा प्रशिक्षक चंपत परमार, मोहन मिश्रा, रामलाल माली, जितेंद्र ओझा, तृप्ता देवी, रजनी सोनी, अनिल कुमार, चुन्नीलाल इत्यादि भी मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्रि अष्टमी पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## घरों में किया कन्या पूजन

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

**सिरोही।** चैत्र नवरात्रि पर शहर समेत जिलेभर में शनिवार को मंदिरों में आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। सवेरे से ही मंदिरों में श्रद्धालु मां महागौरी के दर्शन कर मंगल कामना की गई। शहर के कालका माता समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। आरसणा अंबाजी भी सवेरे भक्तों की भीड़ लगी रही। दिनभर पूजा अर्चना की गई। व्रतधारियों ने कन्याओं का पूजन किया।





### कन्याओं के किए चरण स्पर्श, लिया आशीर्वाद

**आबूरोड।** अंचल में अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मां अम्बे की पूजा-अर्चना की। कन्याओं का भोजन करवाया। उन्हें दक्षिणा दी। कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। शहर के आसपास ग्रामीण अंचल के सांतपुर, मावल, चंद्रावती, आकराभट्टा, तलहटी, आमथला, कारोली, किवरली, ओर, डेरना, देलदर, तरतोली, खड़ात, मूंगथला व गिरवर आदि स्थानों पर अष्टमी पर्व की धूम रही। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग की कोडिनेटर संगीता अग्रवाल के अनुसार अष्टमी पर 108 कन्या पूजन का किया गया। मीनू सेठी, अलका सेठी, कशिश सोनी, भूपेन्द्र सम्बरीया, प्रधानाचार्य बलदेव प्रजापत, उप प्रधानचार्य महेन्द्र राजपुरोहित, शिक्षक पूजा राठौड़, नीतू त्रिर्वेदी, महेश बामणिया, मगनलाल मीणा उपस्थित रही।

## संतों व लोगों को अक्षत देकर दिया निमंत्रण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** संघ की ओर से रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर अक्षत देकर संतो व शहरवासियों को निमंत्रण दिया गया। विहिप के सानिध्य में गणमान्य लोगों की बैठक हुई। जिसमें साधु-संतों को मंदिर, आश्रम व घर-घर जाकर अक्षत देकर रामनवमी शोभायात्रा में आने के लिए निमंत्रण दिया गया। सभी हिंदूओं के घर पर भगवा ध्वज लागने को कहा गया। शहर को भगवामय करवाने पर सहमति बनी। आतिशबाजी के लिए एक युवा टीम का गठन किया गया। भामाशाहों ने बढ़चढ़ कर कार्यक्रम में शोभायात्रा के लिए विशेष विशेष प्रकार की स्टाल लगाने के इच्छा जताई। प्रांत संपर्क प्रमुख नीतेश अग्रवाल, प्रांत सहसंयोजक दीपक प्रजापत, रामनवमी सेवा समिति के संरक्षक मधुसूदन सर्राफ, अशोक चतुर्वेदी, अशोक गर्ग, अध्यक्ष अमित जैन, संयोजक भलाराम देवासी, सहयोजक कांतिलाल, सचिव भूपेंद्र सांबरिया, कोषाध्यक्ष सचिन गर्ग, प्रचार प्रमुख गिरीराजसिंह सिसोदिया, मानपुर खण्ड से सूरज प्रजापति, संघ के नरपतसिंह, तुषार त्रिवेदी, हेमेंद्र मरमट, छतरसिंह, जीतू माली, राहुलसिंह, लक्ष्मण देवासी, प्रकाश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, रवि शर्मा, बलदेव, वनवासी कल्याण परिषद के भूराराम पुरोहित, लक्ष्मण देवासी, रामाराम देवासी, शांतिलाल, पवन, सुनील सेन, रमेश वैष्णव, छगन प्रजापत, जय सिंह आदि मौजूद थे।

## माधव विवि के एमएससी केमिस्ट्री के छात्रों ने किया भ्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के एमएसओसी केमिस्ट्री चौथे सेमेस्टर के छात्र नेफैक्ट एंड एप्लाई साइंस केस्टाटा डॉ. जिगर सोनी के निदेशन में वडोदरा स्थित इंडिपेंडेंट कंसल्टेंट्स एंड टेक्नोक्रेट्स टिक्सटी प्राइवेट लिमिटेड का व्यावसायिक भ्रमण कर बिजनेस जगत की स्ट्रेंथ से रुबरु होने का गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान कंपनी के अपर निदेशक डॉ. मॅक्स ने छात्रों को संस्थानों की कंपनियों और प्रमुख सेवाओं से संबंधित प्रयोगशाला, इंजीनियरिंग सामग्री परीक्षण, ब्रिज लोड परीक्षण, रोड स्टेबिलिटी, फोरेंसिक अध्ययन और भू-तकनीकी जांच जैसी विशिष्ट सेवाएं शामिल हैं।कंपनी के प्रबंध निदेशक संतोष ने इस फिल्मी दौरे को संभावित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने छात्रों को बताया कि वैज्ञानिकता केवल देश की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक है, बल्कि नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा भी उद्योग में है। इस औद्योगिक दौरे ने छात्रों को न केवल अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहार में देखने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें औद्योगिक क्षेत्र की शुरुआत और नैतिकता की भी गहन समझ प्रदान की। माधव विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. प्रिंस ने टिक्सटी प्राइवेट लिमिटेड से इस ज्ञान अनुभव के लिए साझेदारी की। अध्यक्ष अध्यक्ष क्षीरसिंह देवल, अध्यक्ष डॉ. राजीव मथुरा और डॉ. भावेश कुमावत ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी।



## दिव्यांग सेवा के लिए एसबीआइ ने दी ट्रेवलर गाड़ी

### » सीएसआर के तहत एसबीआइ के क्षेत्रीय कार्यालय सिरोही द्वारा की गई प्रदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** निःशक्तजन और दिव्यांगों की सेवा के लिए एसबीआई ने एक ट्रेवलर गाड़ी भेंट की है। इसके माध्यम से दिव्यांगों के कल्याण के लिए देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा। उन्हें धर्म, संस्कृति, अध्यात्म और राजयोग मेडिटेशन की शिक्षा के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी की ओर से संचालित दिव्यांग सेवा के लिए 13 सीटर फोर्स ट्रेवलर गाड़ी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय सिरोही की ओर से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदान की गई। शांतिवन में गाड़ी का शुभारंभ एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय उदयपुर के उपमहाप्रबंधक शशिनाथ मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सेवा के लिए यह गाड़ी ब्रह्माकुमारी को सौंपते हुए बहुत खुशी हो रही है। आशा है कि इससे दिव्यांगों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी ने कहा कि एसबीआई द्वारा दिव्यांगों की सेवा के लिए जो ट्रेवलर गाड़ी प्रदान की गई है। यह बहुत ही सराहनीय सेवा है। इस दौरान गाड़ी का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई, सीए बीके ललित भाई, दिव्यांग सेवा के समन्वयक बीके सूर्यमणि भाई, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार भारद्वाज, सहायक महाप्रबंधक श्रीनिवासन, परिचालन मुख्य प्रबंधक ललित शर्मा, शांतिवन शाखा प्रबंधक नीतू चौधरी, पीआरओ बीके कोमल भाई, बैंक स्टाफ अंकुर, प्रवीण, अनिल, नरेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## सीएम आवास पर हुई कार्यकर्ताओं की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक ली। सबका साथ सबका विश्वास सबका साथ लेकर सबका विकास और कल्याण करना है। भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सम्बरीया ने सीएम को बुके व दुपटटे देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री को आबूरोड आने का निवेदन किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने अप्रैल महीने में अपने प्रस्तावित दौरे के लिए कहा। इस अवसर पर कैश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल आदि मौजूद थे।

### सेन ने की सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात

**पिण्डवाडा।** भाजपा झाड़ोली ग्रामीण मंडल महामंत्री एवं भारतीय सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कालूराम सेन ने सिरोही जिले के सेन समाज प्रतिनिधि के रूप में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर समाज की और से मुख्यमंत्री को दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। सेन ने सीएम शर्मा से केश कला बोर्ड का गठन करने की मांग की।



## शिविर में 40 रोगियों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में शनिवार को तारुंगी में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सीय दल ने लोगों को मौसमी बीमारियां एवं आयरन युक्त आहार, स्वच्छता तथा दैनिक दांतो की साफसफाई के बारे में जानकारी दी।

## आज धूमधाम से मनेगी रामनवमीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** कस्बे में रामनवमीं महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमलेश पुरोहित ने बताया कि रविवार शाम के शोभायात्रा निकाली जाएगी।



## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**मंडार।** महादेव पब्लिक स्कूल मालपुरा (वरमाण) में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह पूर्व विधायक जगसीराम कोली की अध्यक्षता, सांसद लुम्बाराम चौधरी एवं जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित के विशिष्ट आतिथ्य, एडवोकेट रमेश आंजणा, वरमाण ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती पोसु देवी, पूर्व सरपंच वगताराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष हरीश लुहार, मंडार मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, भटना मंडल अध्यक्ष कुलदीप आदि मौजूद रहे। ग्रामीण सोमाराम, प्रकाश कुमार, चेलाराम राजाराम, अर्जुनराम, पुजाराम, नारायणलाल, वियाराम चौधरी, लवजीराम सुथार, ग्रामीण मौजूद रहे। संस्था प्रधान गोकलाराम चौधरी, व्यवस्थापक लक्ष्मण प्रजापत ने सभी का आभार जताया। मंच संचालन अमृतलाल पुरोहित एवं प्रवीण सुथार ने किया।

## दोपहर को 41 डिग्री तक पहुंचा तापमान

### » गर्मी से निजात को शीतल पेय का किया उपयोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में शनिवार को तेज गर्मी ने शहर तथा ग्रामीणों के हाल बेहाल कर दिए। सवेरे दस बजे बाद से ही तापमान में बढ़ोतरी होने लगी। दोपहर को तो गर्मी का पारा 41 डिग्री तक पहुंचा। लोगों का दो मिनट भी धूप में खड़ा रहना मुश्किल हो रहा है। दोपहर बाद भी गर्मी का असर इतना तेज हो गया की सड़कों पर सन्नाटा पचरा रहा। राज्य में हीटवेव से बचाव के लिए जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग ने भी एडवाईजरी की है। जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान 41 तथा न्यूनतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया।



**सात दिन यह रहेगा तापमान**

| वार | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रविवार | 41 | 26 |
| सोमवार | 41 | 27 |
| मंगलवार | 42 | 27 |
| बुधवार | 41 | 26 |
| गुरुवार | 39 | 25 |
| शुक्रवार | 38 | 25 |
| शनिवार | 37 | 23 |

### पशुओं के लिए गर्मी को लेकर एडवाइजरी

हिटवेव को लेकर पशुपालक विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर विभाग तथा पशुपालकों को सर्तकता बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि गौवंश को तेज धूप और गर्म हवाओं से बचाने के लिए गोशाला संचालकों को पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। गोवंश के लिए भरपूर मात्रा में चाराए भूसा और पशु आहार उपलब्ध करवाने की हिदायत दी गई है। गर्भवती एवं असहाय गायों की विशेष देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला कलक्टर ने मनरेगा कार्य स्थलों का किया निरीक्षण

### मीरपुर व कृष्णगंज के गांवों का किया औचक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणद्ध योजना का पंचायत समिति सिरोही के मीरपुर व कृष्णगंज गांवों में औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने मीरपुर के इंटीरियर चल रहे महात्मा गांधी नरेगा के कार्य का निरीक्षण किया। पाडीगरा नाडी खुदाई कार्य कर रही महिलाओं से जानकारी लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने तेज गर्मी से बचने के लिए महात्मा गांधी नरेगा साइट पर आवश्यक सुविधाएं यथा पानी की पर्याप्त उपलब्धताए छाया तथा आवश्यक मेडिकल किट रखने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने मीरपुर में चल रहे प्रधानमंत्री आवास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया तथा लाभार्थी से कार्यों की गुणवत्ता व प्रक्रियाधीन कार्य के बारे में चर्चा की। जिला कलेक्टर चौधरी द्वारा कृष्णगंज में चल रहे महात्मा गांधी नरेगा के तहत वृक्षारोपण कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत चल रहे आवासों का भी अवलोकन किया गया । जिला परिषद से मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, अधिशासी अभियंता नरेगा भगवानसिंह, मीरपुर रोजगार सहायक मादाराम, कृष्णगंज रोजगार सहायक बुटाराम एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



CMYK



# मैदान पर सरपट दौड़े घोड़े व ऊंट, तांगा रेस ने दिलाई पुराने दिनों की याद

## » गणगौर मेले में उमड़े ग्रामीण, प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

***बाली।*** *मेले हमारी लोक संस्कृति के संवाहक तो है ही, साथ ही जन-जन को लोक संस्कृति से जोड़े रखने के प्रमुख माध्यम भी है। बाली कस्बे में आयोजित गणगौर मेला भी ऐसे ही मेलों में शुमार है। मेले के प्रति लोगों में पहले जैसा ही क्रेज नजर आया। नगर पालिका के तत्वावधान में ध्वजारोहण के साथ आरंभ हुए मेले का समापन कई प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। मेले में कस्बे सहित फालना, सेवाड़ी, लुणावा, कोट बालियान, मुंडारा, श्रीसेला, सेसली, बोया, टीपरी, दांतीवाड़ा सहित कई गांवों के मेलार्थियों ने भाग लिया।*

### प्रतियोगिताओं की बानगी

सुबह 7.15 बजे सादड़ी से बाली के रड़ावा आशापुरा मंदिर तक पुरुषों की साइकिल रेस हुई। जिसमें प्रथम मुकेश, द्वितीय जीतु, तृतीय भरत बलवना रहा। सुबह 7.45 बजे बालिकाओं की साइकिल रेस श्रीसेला से रड़ावा तक हुई। जिसमें प्रथम राधा सैन, द्वितीय निवेदिता व तृतीय स्थान पर कविता रही। इसी तरह पुरुष वर्ग की सुबह 8.15 बजे माइल दौड़ कचहरी से रडावा तक हुई। जिसमें प्रथम नरेश कुमार, द्वितीय प्रकाश बोया, तृतीय अर्जुनसिंह रहे। सुबह 8.45 बजे बालिकाओं के लिए हाफ माइल दौड़ जलदाय विभाग से रडावा तक हुई। प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा देवासी, द्वितीय भावना चौधरी, तृतीय भावना पुनाडिया रही। सायंकालीन कार्य' म में मेला स्थल पर 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में राहुल कालबेलिया, बालक वर्ग में तुषार, बालिका वर्ग में वर्षा देवासी, उल्टी दौड़ पुरुष वर्ग में कानाराम मीणा, मटकी दौड़ पुरुष वर्ग में राहुल कालबेलिया, साइकिल दौड़ में हणमत, जलेबी दौड़ में अक्षरासिंह, मटकी दौड़ बालिका वर्ग में वर्षा देवासी, साइकिल दौड़ बालिका वर्ग में सुनीता दमामी, तीन पांव दौड़ पुरुष वर्ग में दिनेश सैन व टिंकू सेसली, धीमी साइकिल रेस पुरुष वर्ग में वि' म श्रीसेला, 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष वर्ग की दौड़ में मीठालाल गोयल, बोरी दौड़ में शिवराजसिंह, सजी गणगौर बड़ी में नरपतसिंह, सजी गणगौर छोटी में भूमिका प्रथम स्थान पर रहे। लोक नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी गजब का उत्साह नजर आया।

### यह भी रहे आयोजन के साक्षी

इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैलेन्द्रसिंह चारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैनसिंह महेचा, एसडीएम जितेंद्रसिंह, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव, पालिकाध्यक्ष भरत चौधरी, अधिशाषी अधिकारी राजल राव, थानाधिकारी परबतसिंह भाटी सहित पार्षद व कई गणमान्य लोग आयोजन के साक्षी बने। मंच संचालन भंवरसिंह राजपुरोहित, डॉ प्रवीण वैष्णव व अशोक शर्मा ने किया। निर्णायक के रूप में भंवरसिंह चौहान, असरफखान पठान, बाबू मोहम्मद, दिनेश वैष्णव, सज्जनसिंह, गणपतसिंह दहिया, रतनसिंह केरापुरा, जितेंद्रसिंह बोया, विरेन्द्रसिंह, राजेंद्रसिंह, विक्रमसिंह, दिनेशकुमार, अभिमन्युसिंह आदि की अहम भूमिका रही।

## घुड़ दौड़ में जितेंद्रसिंह लुणावा का घोड़ा, ऊंट दौड़ में दलपत सेसली का ऊंट व तांगा दौड़ में बंटी पाली का तांगा रहा प्रथम स्थान पर



### ऊंट व घुड़ दौड़ रही आकर्षण का केंद्र

मेले में हुई ऊंट व घुड़ दौड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। घुड़ दौड़ में जितेंद्रसिंह लुणावा का घोड़ा, ऊंट दौड़ में दलपत सेसली का ऊंट व तांगा दौड़ में बंटी पाली का तांगा प्रथम स्थान पर रहे। मेले में बड़ी व छोटी गणगौर विशेष तरीके से सजाई गई थी।

# गिब्ली का ट्रेड पड़ सकता है भारी, हो सकती है साइबर ठगी

## » फोटो अपलोड करने के दौरान कई बार जुटा ली जाती है व्यक्तिगत जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आजकल सोशल मीडिया पर गिब्ली स्टाइल फोटो का एक नया ट्रेंड जिलेभर छाया हुआ है। एआइ प्लेटफार्म चैट जीपीटी के जरिए हर कोई फोटो से उनका एनिमेशन बना रहा है। वर्तमान में जितने भी सोशल मीडिया का आमजन उपयोग कर रहे है। विशेष कर यूथ पर पर यह ट्रेंड काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जहां हर कोई अपनी एनिमेटेड फोटा शेयर करने में जुटा है। हालांकि, यह ट्रेंड जितना अच्छा लग रहा है उतना खराब भी है। इधर, सोशल मीडिया या अन्य मैसेज के कारण जिले में साइबर ठगों को मौका मिल रहा है। अब गिब्ली जैसे अवतार आने के बाद साइबर ठगों को लोगों को ठगने के लिए एक और नया फार्मूला मिला है। ऐसे में सभी को सावधान रहने की जरूरत है।



### फोटो चोरी से हो सकता बड़ा नुकसान

साइबर थाने में आए दिन अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के मामले सामने आ रहे है। जिसमें सोशल मीडिया पर फोटा या रील अपलोड करने पर एआइ के माध्यम से साइबर ठग आए दिन इनका उपयोग कर रहे है। ऐसे में गिब्ली से बचना चाहिए। क्योंकि इमेज बनाने के लालच में अपनी चेहरे की जानकारी साइबर ठगों के हवाले कर देते हैं।

### हो सकती है साइबर ठगी

फोटो या वीडियो अपलोड करते समय कई बार पर्सनल डिटेल भी मांगते है। ऐसे में साइबर ठग सभी प्रकार की डिटेल्स चुरा लेते हैं। इसके बाद वे खाते एवं अन्य दस्तावेजों का भी फैर बदल कर सकते है।

### फोटो अपलोड करते समय बरतें सावधानी

वैसे तो आजकल लोग कई प्रकार के सोशल मीडिया पर अपने फोटो अपलोड कर रहे है। आजकल साइबर ठगी के प्रकरण बढ़ रहे है। अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग भी करने के मामले सामने आ रहे है। ऐसे में सभी को फोटो अपलोड करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। अनजान फोन व वीडियो कॉल उठाने से एहतियातन बचना चाहिए व पूरी तरह सतर्क भी रहना चाहिए।

**मुकेश चौधरी**
पुलिस उप अधीक्षक सिरोही

# खांगड़ी में घांची समाज के आराध्य चारभुजा नाथ मंदिर पर उमड़ा आस्था का ज्वार

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में अर्पित की आहुतियां

**भजन संध्या में बही भक्ति रस की धारा**

**आज भरेगा मेला, निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

**भामाशाहों व अतिथियों का होगा स्वागत अभिनंदन**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव स्थित घांची समाज के आराध्य श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में घांची समाज के दो दिवसीय वार्षिक मेले व स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ शनिवार शाम को हवन में आहुतियां देकर किया गया। यजमानों ने हवन में आहुतियां देकर चारभुजानाथ से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। अतिथियों द्वारा गणपति पूजन के साथ मेले का आगाज किया गया। इसके बाद रात में भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भजन कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या का शुभारंभ गणपति व गुरु वंदना के साथ किया गया। भजन कलाकारों ने चारभुजानाथ के एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी के साथ नृत्य कलाकार ममता भारती व पूजा राठौड़ ने भी अपनी उम्दा कलाकारी का प्रदर्शन किया। दिल्ली की सुदामा एंड पार्टी ने विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां प्रदर्शित कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। भोर तक चले भजन कार्यक्रम में श्रोता भक्ति रस की धारा में गौते लगाते रहे। भजन संध्या में कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों, पंच-पटेलों सहित दूरदराज क्षेत्र से समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। मेले में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, अध्यक्षता सांसद पीपी चौधरी, विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे।

### पीएम मोदी के बहन-बहनोई का किया स्वागत

चारभुजा नाथ के मेले में शनिवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहन-बहनोई के पहुंचने पर महासभा की ओर से स्वागत सत्कार कर अभिनंदन किया गया। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बताया कि पीएम मोदी के जीजा हंसमुखभाई मोदी व जीजी वसंतीबेन मोदी के मेले में पहुंचने पर डीजे की धुन पर गेट नंबर एक पर माला, साफा व शॉल ओढ़ाकर स्वागत सत्कार किया गया। इसके बाद उन्होंने मंदिर पहुंच चारभुजानाथ के दर्शन किए। कार्यक्रम स्थल पर घुमकर मेले की व्यवस्थाओं को देखकर महासभा की प्रशंसा की। शाम को गणपति पूजन में भाग लिया।

### चारभुजा नाथ की निकलेगी भव्य शोभायात्रा

दो दिवसीय समारोह में रविवार को मेला भरेगा। जिसमें दूरदराज क्षेत्र सहित देशभर के प्रवासी घांची समाज के लोग शिरकत करेंगे। उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बताया कि दूसरे दिन 6 अप्रैल को मेला भरेगा। जिसमें सर्वप्रथम सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें डीजे की धुन पर ऊंट, घोड़ों के साथ चारभुजानाथ सहित अन्य संतों को सुसज्जित रथ में विराजित कर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के विभित्र मुख्य मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंच सम्पत्र होगी। उसके बाद आयोजित समारोह में मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभित्र सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान अगले साल मेले की बोलियां भी बोली जाएगी। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। इसी के साथ दो वार्षिक मेले का समापन होगा।

# युवक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पुलिस ने आवल के चापाफली में युवक की के प्रकरण में पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आवल गांव की चापाफली में होली के दूसरे दिन धारदार हथियारों से लेस करीब आधा दर्जन हमलावरों ने युवक शंकर गरासिया को मौत के घाट उतार दिया था। मामले में आवल निवासी जीवाराम गरासिया को गिरफ्तार किया गया। पूर्व में जयंतीलाल, हरीश उर्फ हंसा, भरत, कांतिलाल, मुकेश व राम गरासिया गिरफ्तार हो चुके है। गौरतलब है कि होली के दूसरे दिन करीब आधा दर्जन लोगों ने धारदार हथियारों से वार कर आंदलिया निवासी शंकर गरासिया को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए थे।

# भव्य एवं चमत्कारिक है जैन स्वर्ण मंदिर : बसंतीबेन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहन बसंती बेन हंसमुखभाई मोदी का फालना आने पर जैन स्वर्ण मंदिर में उनका शॉल ओढ़ाकर व हंसमुखभाई का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बसंतीबेन ने जैन स्वर्ण मंदिर में प्रभु दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह ख्यातिप्राप्त मंदिर हैं। उन्हें ऐसे भव्य एवं चमत्कारिक जैन स्वर्ण मंदिर की अलौकिक बेहतर कलाकृति के दर्शन करने का अवसर मिला जो अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरा राजस्थान एक पर्यटक राज्य है। पूरे विश्व में सबसे अधिक पर्यटक स्थल राजस्थान में हैं। यहां के किलों, महलों व अन्य ऐतिहासिक स्थलों को निहारने देश विदेश से काफी पर्यटक आते जाते हैं। जिसमें गौडवाड़ का द्वार कहलाने वाला फालना भी सम्मिलित हैं। इस दौरान जैन संघ खुडाला के ट्रस्टी अशोक पारेख, समाजसेवी अमित मेहता, व्यापार संघ अध्यक्ष श्यामसिंह जोधा, सुरेश राजपुरोहित बारवा, प्रियक अग्रवाल, डॉ मुकेश भाटी नाडोल,



महेश नाहटा, जितेंद्र कलावत, श्वेता अग्रवाल, स्वर्ण मंदिर के मैनेजर नरपत त्रिवेदी, हरीश देवमुरारी, वीरमाराम परिहार, डॉ मगन सोलंकी आदि मौजूद थे।


## न्यूरोलॉजी की सेवाओं में विस्तार


# डॉ. रेणु खमेसरा

**वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट एवं प्राध्यापक**

MD (Med), Ph.D (Med), DrNB (Neuro), MNAMS (Neuro), FICP, FIACM, AFISC, FSMRIM, FIEE

**जीबीएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की न्यूरो टीम में शामिल होने पर स्वागत एवं अभिनन्दन**

**जीबीएच जनरल हॉस्पिटल**
नियमित सेवाएं
सोमवार से शुक्रवार
समय
सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे



**जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल**
नियमित सेवाएं
सोमवार से शुक्रवार
समय
शाम 5 बजे से 7 बजे
रविवार
सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे

**मस्तिष्क सम्बन्धित रोग**

- वयस्कों में स्ट्रोक / लकवा • माइग्रेन • मिर्गी • मल्टीपल स्क्लेरोसिस • पार्किंसन • अल्जाइमर • डिमेंशिया • न्यूरोमस्कुलर डिसऑर्डर (न्यूरोपेथी, मायोपेथी, मोटर न्यूरॉन रोग) • ब्रैकियल प्लेक्सोपैथी और लंबर रेडिकुलोपैथी
- बच्चों में सिरदर्द • ऑटिज़्म • आईईएम (इनबॉर्न एरर्स ऑफ़ मेटाबॉलिज़्म) • सेरेब्रल पाल्सी • जन्मजात विकृतियां
- रीढ़ की हड्डी की चोट • मस्तिष्क ट्यूमर • ट्रोमेटिक ब्रेन सर्जरी • ट्रोमेटिक ब्रेन इंजरी • क्रेनियोवर्टिब्रल एनोमली


**न्यूरो, स्पाइन एवं एण्डोवेस्कूलर इंटरवेंशनल सर्जरी सम्बन्धित सुविधाएं**


• स्ट्रोक सर्जरी • दूरबीन से मस्तिष्क व स्पाइन की सर्जरी • एन्यूरिज्म क्लिपिंग • मिर्गी की सर्जरी • ट्यूमर एम्बोलाइजेशन • शंट सर्जरी • एण्डोवेस्कूलर स्ट्रोक मेनेजमेन्ट • कुबड़पन की सर्जरी • दिमाग की नसों का गुच्छा • दिमाग की नसों का फूलना

24 x 7 सुविधाएं । न्यूरो इंटरवेंशनल कैथ लैब । एमआरआई । सीटी स्कैन । ईएनएमजी/ईपी । ईईजी


मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | RGHS | ESIC | NWR | RSMM | TPA व इंश्योरेंस में कैशलेस इलाज

जीबीएच जनरल हॉस्पिटल


डॉ. सुमित दवे
न्यूरो और स्पाइन सर्जन


डॉ. प्रियंका मिनोचा
न्यूरोलॉजिस्ट


डॉ. अंशिता अरोड़ा
पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट


डॉ. भरत गुप्ता
इंटरवेंशनल और एण्डोवेस्कूलर रेडियोलॉजिस्ट


डॉ. रामबीर सिंह
एचओडी - रेडियोलॉजी कंसल्टेंट न्यूरो इमेजिंग

जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल


डॉ. एस.आर. चौधरी
न्यूरो और एण्डोवेस्कूलर सर्जन


डॉ. पंकज तापड़िया
न्यूरोलॉजिस्ट

जब बात हो मस्तिष्क रोग के इलाज की पहली सोच... जीबीएच

**जीबीएच जनरल हॉस्पिटल**
ट्रांसपोर्ट नगर के पास, बेड़वास, Ph. 0294-3536 000

**जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल**
भट्ट जी की बाड़ी, उदयपुर, Ph. 0294-3535 000


नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. नं. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.